वर्ष-31, अंक- 330, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
16 सितंबर 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

# मुख्यमंत्री ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक

● अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक एवं स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत की जाने वाली शक्तियों, अधिकारों और कार्यों से संबंधित पेसा नियमावली के विभिन्न उपबंधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून के तहत किए गए उपबंधों का क्रियान्वयन इस तरह हो, जिससे राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में स्थानीय स्वशासन की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ जनजातीय समुदायों का आर्थिक- सामाजिक उत्थान और सशक्तिकरण हो सके।

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमआर मीणा, विधि विभाग के प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रशांत कुमार , सचिव अमिताभ कौशल, सचिव कृपानंद झा , सचिव के श्रीनिवासन, सचिव मनोज कुमार, सचिव चंद्रशेखर, सचिव अरवा राजकमल, सचिव मनोज कुमार, पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी, निदेशक खान राहुल सिन्हा, पीसीसीएफ अशोक कुमार, वन संरक्षक पीआर नायडू, डीएफओ दिलीप कुमार, विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी और संयुक्त सचिव रवि शंकर विद्यार्थी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री आज करेंगे नियुक्ति पत्र का वितरण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज मंगलवार को नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) एवं गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित शेष पेज 11 पर...

## हेमंत सोरेन से टाटा मोटर्स लि. के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## हाइड्रोजन इंजन व इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण से कराया अवगत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में टाटा मोटर्स लि0 के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने टाटा मोटर्स लि. द्वारा हाइड्रोजन इंजन एवं इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी दी तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट से संबंधित कार्य योजना एवं अद्यतन गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, ग्लोबल हेड-गवर्नमेंट पब्लिक अफेयर्स टाटा मोटर्स लि. सुशांत चंद्रकांत नाईक, वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशन, विशाल बादशाह, प्लांट हेड टाटा कमिंस अनितेश मोंगा, गवर्नमेंट अफेयर्स टीम के कनिष्क कुमार, सिद्धार्थ बक्शी, जोकिम सलताना, फाइनेंस टीम के पंकज पटवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हाइवा ने ऑटो को मारी टक्कर, बेटी की मौत, मां समेत तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत खाप कटैया मोड़ के समीप एनएच-139 पर सोमवार को हाईवा ने विपरीत दिशा से आ रही ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में ऑटो सवार कोल्हुआड़ा गांव निवासी 16 वर्षीय प्रीति कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि उसकी मां 40 वर्षीय प्रमिला देवी और ऑटो चालक अजीत पासवान गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा बीआर-25 जीए 9831 छतरपुर से हरिहरगंज की ओर तेज गति से आ रही थी। इसी दौरान एक बकरी को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन को तेजी से दाहिनी ओर मोड़ा। इससे सामने से आ रही ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार मां-बेटी और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद मां और बेटी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान पुत्री प्रीति कुमारी की मौत हो गई। इस घटना के कारण आक्रोशित लोगों ने एनएच-139 पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रखा। जानकारी मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथी दुर्घटना में शामिल हाईवा को जब्त कर लिया। वहीं पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों के इलाज का खर्च व मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिलाया। साथ ही ग्रामीणों को समझा बुझाकर आवागमन को सुचारू कराया गया।

## झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# नियुक्ति में विज्ञापन के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने सोमवार को नियुक्तियों में जाति प्रमाणपत्र को लेकर अहम फैसला सुनाया। अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञापन की तिथि के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा। ऐसे मामलों में अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा और उन्हें अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति आनंद सेन और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कुल 44 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया। इस मामले में 21 अगस्त को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और फैसला सुरक्षित रखा गया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार गिजरोया मामले में दिया गया आदेश सभी मामलों पर स्वतः लागू नहीं होगा। राज्य सरकार, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को जाति प्रमाणपत्र का फॉर्मेट और मान्यता की शर्तें तय करने का अधिकार है। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि जेपीएससी और जेएसएससी नियुक्ति विज्ञापन की तिथि के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जिससे आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा। उनका कहना था कि आयोग विज्ञापन तिथि तक ही जाति प्रमाणपत्र को सीमित नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार गिजरोया केस का हवाला देते हुए दलील दी गई कि जाति प्रमाणपत्र जन्म के आधार पर होता है, न कि समय के आधार पर। शेष पेज 11 पर...

## भारत में देश का कानून चलेगा, घुसपैठियों की मनमानी नहीं : पीएम मोदी



**पूर्णिया (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रह रहे घुसपैठियों और उनके समर्थकों को साफ चेतावनी दी कि भारत में कानून का राज चलेगा, घुसपैठियों की मनमानी नहीं। सीमांचल के पूर्णिया में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और राजद पर घुसपैठियों को बचाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने राजद और कांग्रेस पर जुबानी हमला करते हुए कहा, "कान खोलकर सुन लो, हर घुसपैठिए को देश से बाहर जाना होगा। घुसपैठ पर रोक लगाना एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। जो घुसपैठियों को बचा रहे हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं, चाहे जितनी ताकत लगा लो, घुसपैठियों को जाना ही होगा। उन पर कार्रवाई होगी और देश इसके सकारात्मक परिणाम देखेगा।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने बिहार के शेष पेज 11 पर...

## हजारीबाग के बरकट्ठा में पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# एक करोड़ का इनामी नक्सली समेत तीन को पुलिस ने मार गिराया

● अभियान में शामिल कोबरा बटालियन के चार जवान हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम पांतितीरी के लहर गोड्डा टोला में सोमवार की अहले सुबह 3-4 बजे पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी समेत तीन माओवादी ढेर हो गए। जबकि अभियान में शामिल कोबरा बटालियन के चार जवान घायल हो गए। झारखंड में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को उस वक्त सफलता हासिल हुई जब माओवादी शेष पेज 11 पर...



## नक्सलियों का होगा खात्मा : हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्य में नक्सलियों के खात्मे के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संकल्पित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई बार कह चुके हैं कि नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। बहुत जल्द राज्य से नक्सली खत्म हो जाएंगे।

## उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र नक्सलवाद से मुक्त : अमित शाह



**नई दिल्ली।** हजारीबाग में कुख्यात नक्सली कमांडर सहित तीन नक्सलियों के मारे जारे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कि इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

## लुगु पहाड़, झुमरा व पारसनाथ क्षेत्र हुए नक्सल मुक्त : डीजीपी



**हजारीबाग।** जिले में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन इनामी नक्सली मारे गए। इस घटना के बाद पुलिस डीजीपी अनुराग गुप्ता, सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइकल राज एस, और एसटीएफ के डीआईजी अनूप बिरथरे समेत कई वरिष्ठ शेष पेज 11 पर...



## एसपी ने पीसी कर इंदु देवी हत्याकांड का किया खुलासा

# अवैध संबंध के शक में पति ने की थी पत्नी की गला दबाकर हत्या, गिरफ्तार

- मामला मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी मिथलेश पाल (45 वर्ष) ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी इंदु देवी (40 वर्ष) की गला दबा कर हत्या करने की बात स्वीकार की है। मोहम्मदगंज थाना पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपी पति ने पूछताक्ष में इसकी जानकारी दी। सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने पूरे घटना क्रम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दिनांक 14 सितंबर सुबह मोहम्मदगंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नावाडीह गांव में एक महिला की मौत हो गयी हैं, इसकी सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब के निर्देश पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताक्ष की। पहले तो उसने बताया की आपसी विवाद को लेकर उसने जहर खा ली थी, लेकिन सख्ती से पूछताक्ष में उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि दूसरे से अवैध संबंध के कारण उसकी गला दबा कर हत्या कर दी थी, पुलिस ने घटनास्थल पर मृतका के शरीर का खून से लगा कपड़ा और खून लगा तकिया कवर को बरामद किया है। सोमवार को मृतका के अभियुक्त पति मिथलेश पाल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। इस अभियान में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन, अनुसंधानकर्ता एसआई सुरेंद्र तिवारी, एसआई शेख अमानुल्लाह, एएसआई मो. कयामुद्दीन अंसारी, प्रद्युम्न पासवान, हवलदार भरद्धुल पासवान, आरक्षी प्रताप प्रकाश, संजीत कुमार चौधरी, सुधीर राम, अर्जुन राम आदि शामिल थे।

## हाईमास्ट लाइट की मरम्मती शीघ्र होगी : डीपीआरओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**खबर का असर**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर-जपला मुख्य पथ पर स्थानीय प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवीधाम मोड़ और बाजार चौक पर लगे हाई मास्ट लाइट करीब एक वर्ष से खराब हैं। इसकी मरम्मती के अभाव में पूरा क्षेत्र शाम ढलते ही घने अंधेरे में डूब जाता है। इससे न सिर्फ व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि राहगीरों और यात्रियों के लिए असुरक्षा का माहौल भी बन जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अंधेरे में गुजरना पड़ रहा है। खासकर देवीधाम मोड़ पर श्रद्धालुओं व आमजन को वर्तमान शारदीय नवरात्र मेला के दौरान आवागमन में भारी दिक्कत होगी। सन 1887 ई. से आस्था का प्रमुख केंद्र देवी शक्ति पीठ, हैदरनगर में मेले के दौरान हजारों अंतर्राज्यीय श्रद्धालु जुटते हैं। अंधेरा रहने से उनकी परेशानी और बढ़ने की आशंका है। खंभों पर लगी सोलर लाइटें भी महज टिमटमाकर रह जाती हैं। इस संवेदनशील मामले को युवा एक्टिविस्ट अंकु सिंह राणा ने सोशल मीडिया पर प्रमुखता से उठाया। मामला जिला प्रशासन तक सोमवार को पहुंचा है। इस पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) डॉ. असीम कुमार ने आश्वासन दिया कि हाई मास्ट लाइट की मरम्मत शीघ्र कराई जायेगी। अंकु सिंह राणा ने संवेदनशील मुद्दे पर संज्ञान लेने के लिए प्रशासन और मीडिया बंधुओं के प्रति आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि हैदरनगर देवीधाम पलामू प्रमंडलीय धार्मिक पर्यटन सर्किट में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।

## जिउतिया पर्व पर आपत्तिजनक पोस्ट

**हुसैनाबाद (पलामू)।** एके सिंह कॉलेज के प्रो. रामसुभग सिंह ने जिउतिया पर्व को लेकर अपने वाट्सअप के स्टेटस में आपत्तिजनक पोस्ट कर हिन्दू देवी-देवताओं को अपमानित किया है। इसके पहले भी वे वर्ष 2022 में छठ पर्व पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था, जिसपर बहुत हंगामा हुआ था और देवरी ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसका कांड संख्या- 277/2022 दर्ज है। इस संबंध में हुसैनाबाद प्रखंड के चोवाचट्टान के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी हुसैनाबाद को एक आवेदन देकर प्रो. रामसुभग सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि समाज मे आपसी सौहार्द बना रहे। आवेदन में लिखा गया है कि प्रो. रामसुभग सिंह अपने वाट्सएप नंबर के स्टेटस पर आपत्तिजनक पोस्ट किया है। इनपर पूर्व में भी अपनी पत्नी की हत्या के आरोपित रह चुके है। इतना ही नहीं इन्होंने कॉलेज पत्रिका तर्कवादी छपवाये है। जिसका संपादक स्वयं है। जिसमें हिन्दू धर्म को आहत करने वाले लेख लिखे हैं। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से गंगेश्वर सिंह, रविन्द्र सिंह, नीतीश सिंह एवं अन्य का नाम प्रमुख है।

# मोहम्मदगंज में स्थापित है पलामू का सबसे बड़ा विश्वकर्मा मंदिर

- 17 को पूजा-पाठ के लिए प्रखंड भर से जुटेंगे समाज के श्रद्धालु

**नवीन मेल संवादाता**



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्राचीन गीता भवन परिसर में स्थापित शिल्पकारों के भगवान विश्वकर्मा के जिले के सबसे बड़े मंदिर के रूप में बन गई है। जिसके दो साल पहले विधिवत प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान में विधायक आलोक चौरसिया सहित अन्य कई गणमान्य सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया था। इसी परिसर में ही भगवान महादेव मंदिर का भी साथ ही में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ था। इस प्रकार प्रकृति के रमणीय वातावरण के बीच स्थित इस धार्मिक स्थल को महादेव-विश्वकर्मा मंदिर परिसर के रूप में विशेष और अलग पहचान बन गई है। इससे यह पवित्र-पावन स्थल अन्य धार्मिक स्थलों व मंदिरों के साथ ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा शिव मंदिर की श्रृंखला में शुमार हो गया है। इस मंदिर में सलाना विश्वकर्मा पूजा और अन्य दिनों में इसकी देखभाल के लिए कमिटी का गठन हुआ है। जिसके लल्लू विश्वकर्मा अध्यक्ष, अरविंद शर्मा महासचिव और कंचन विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रखंड भर से समाज के लोग परंपरानुसार जुटकर इस मंदिर में भगवान विश्वकर्मा के पूजा-पाठ अनुष्ठान में आस्था का प्रकटीकरण करेंगे। तत्पश्चात स्थानीय मंडली के कलाकार भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण सृजन करेंगे। उन्होंने बताया कि वैसे,तो कई वर्षों पहले से इस परिसर में इस मौके पर भगवान विश्वकर्मा का पूजा-पाठ इस समाज के लोग करते आ रहे थे। मगर साथ में महादेव मंदिर निर्माण के बाद से विश्वकर्मा समाज के साथ ही आसपास के सनातनियों की आस्था का यह भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। उन्होंने जिले में सबसे बड़े विश्वकर्मा मंदिर के रूप में इसकी पहचान कायम होने का दावा किया है।

## दुर्गा पूजा पर अंतरराष्ट्रीय वाचिका बहाएंगी श्रीराम कथा की रसधारा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में दुगार्पूजा की तैयारी जोरों पर आ गया है। प्रतिमा और पंडाल निर्माण को अंतिम रूप दिया जाने लगा है। साथ ही धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी प्रक्रियागत प्रयास किए जा चुके हैं। इसी क्रम में भजनियां गांव में भी दुगार्पूजा समिति प्रतिमा निर्माण कराने में जुटी है। जबकि 24 सितंबर से एक अक्टूबर तक धार्मिक प्रवचन के लिए वाचिका के अनुबंध का काम पूरा कर लिया गया, बताया जाता है। बताया गया कि इस वर्ष इस मौके पर जबलपुर की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वाचिका पूज्या दीदी शिरोमणि दुबे मधुर कंठ से श्रीराम कथा की रसधारा बहाएंगी।इस धार्मिक प्रवचन का प्रस्तुतिकरण संध्या 7 से रात्रि 10 बजे तक नियमित रूप से किया जाएगा।

# हुसैनाबाद में युवा बाल संघ बना रहा वैदिक तारा मंडल मंदिर का भव्य पंडाल प्रारूप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां जोरों पर है। हुसैनाबाद शहर में भी एक से बढ़कर एक पूजा पंडालों का निर्माण कराया जा रहा है। इन सबके बीच इस बार हुसैनाबाद के लोगों को पश्चिम बंगाल के मायापुर में इस्कॉन द्वारा निर्मित वैदिक तारा मंडल मंदिर का प्रारूप देखने को मिलेगा। जिसके निर्माण में बंगाल से आए कारीगर पिछले 15 दिनों से रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। जपला रेलवे स्टेशन परिसर में युवा बाल संघ द्वारा तैयार कराए जा रहे इस पूजा पंडाल में श्रद्धालु वास्तुकला के मनमोहक परिदृश्य के बीच मां दुर्गा का दर्शन कर सकते हैं।

### पूजा समिति करीब 7 लाख रुपये कर रही है खर्च



पूजा समिति की ओर से इस साल करीब 7 लाख रुपये इस वर्ष पूजा के आयोजन पर खर्च किया जा रहा है। भव्यता के साथ श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसका खास ख्याल रखा जा रहा है। युवा बाल संघ के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता ने बताया कि समिति का प्रयास होता है कि हर साल नई-नई थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण हो। जिस वजह से यह श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना रहता है। । समस्त पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा बाल संघ के अलावे संरक्षक राजेश्वर सिंह, रवि यादव, रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष प्रमोद मेहता, गोल्डन कुमार, शनि विश्वकर्मा, रोहित यादव, सोनू कुमार, छोटू पासवान, अविनाश कुमार, छोटू शर्मा, अमन विश्वकर्मा, उपेंद्र यादव, अविनाश कुमार, सैनिक,कंटेश, कौशल, दीपू समेत कमेटी के सभी सदस्य सक्रिय हैं।

### पंडाल निर्माण में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल

मुख्य कारीगर शंकु नशकर कहते हैं कि दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण कार्य में केवल प्राकृतिक चीजों जैसे- बांस, कपड़े, थर्मोकोल आदि का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। पूजा पंडाल की ऊंचाई 50 फीट और लंबाई 60 फीट रखी गई है। इसके निर्माण में करीब 20 कारीगर रात-दिन मेहनत कर रहे हैं । पंडाल बनने के बाद इसे दूर से ही देखा जा सकता है।

## जर्जर सड़कें व बुझी स्ट्रीट लाइटें बनेंगी श्रद्धालुओं के लिए बाधा

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शारदीय नवरात्र का पर्व नजदीक आते ही हुसैनाबाद में दुर्गा पूजा समितियों ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। जपला महावीर भवन परिसर में मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पश्चिम बंगाल से आए मूर्तिकार दिन-रात प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। लेकिन श्रद्धालुओं और आयोजकों की सबसे बड़ी चिंता शहर की खराब सड़कें और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें बनी हुई हैं। जपला स्टेशन रोड स्थित नवयुवक संघ पूजा पंडाल तक पहुंचने वाले मार्ग पर जलजमाव और गड्ढों से भरी जर्जर सड़क दुर्घटना को दावत दे रही है। जयप्रकाश चौक और स्टेशन रोड की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश होने पर स्थिति और भी बिगड़ सकती है, जिससे त्योहार का रंग फीका पड़ने का खतरा है। जपला महावीर भवन दुर्गा पूजा समिति पिछले 50 सालों से मां दुर्गा की आराधना करती आ रही है। इस दौरान शहर के दर्जनभर पूजा पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित होती हैं, जहां हजारों श्रद्धालु रोजाना पहुंचते हैं। खासकर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

# खबर का असर : 30 एमटी क्षमता के मिनी कोल्ड रूम के संचालन की उम्मीद जगी

## अब सौर ऊर्जा से चलाने की योजना पर बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में करीब 5 साल पहले निर्मित 30 मीट्रिक टन क्षमता के मिनी कोल्ड रूम के संचालन की उम्मीद जग गई है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल में 4 अप्रैल को 5 साल से तैयार भवन कोल्ड स्टोर शुरू नहीं शीर्षक से प्रकाशित खबर को टैग करते हुए युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में सहकारिता विभाग के स्तर से जारी निर्देश पर अब इसके साथ ही जिले के सभी ऐसे मिनी कोल्ड रूम के सौर ऊर्जा से संचालित करने का निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि पलामू जिले में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों की उपज संरक्षित रखने के लिए 9 मिनी कोल्ड रूम (30 एमटी क्षमता वाले) का निर्माण कराया गया था। लेकिन सभी कोल्ड रूम डीजल जनरेटर पर आधारित होने के कारण महीनों से बंद पड़े हैं। डीजल खर्च ज्यादा होने से संबंधित पैक्स इन्हें चलाने में असमर्थ हैं। इस पर उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि इन सभी मिनी कोल्ड रूम को अब सौर ऊर्जा चालित कोल्ड रूम में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी ने जिला योजना पदाधिकारी को प्रस्ताव भेज दिया है। संबंधित पैक्स अध्यक्षों और सचिवों की सूची भी जारी की गई है। विभाग का मानना है कि सौर ऊर्जा आधारित कोल्ड रूम बनने से किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और बिजली, डीजल खर्च से भी छुटकारा मिलेगा। इस जिले के 9 पैक्स जिनके लिए कोल्ड रूम बने हैं, उनमें पांडू (कुटमू), चैनपुर, छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पीपरा, विश्रामपुर, मोहम्मदगंज (भजनिया ) और हुसैनाबाद (दरुआबेनी) के नाम शामिल हैं। इस दिशा सकारात्मक पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए किसानों ने विभाग से मांग की है कि सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम में बदलने की प्रक्रिया को पूरा कर कोल्ड स्टोरेज को शीघ्र चालू किया जाए। ताकि उपज को सुरक्षित रखा जा सके। जिससे किसानों उचित दाम प्राप्त हो सकेगा।

### कार्बन फेयर माइंस की मनमानी नहीं चलेगी : दिलीप

**पड़वा।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता ने कहा है कि पड़वा प्रखंड में संचालित कार्बन फेयर माइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पड़वा मोड़ पर आयोजित प्रेस वार्ता में मेहता ने बताया कि उन्होंने डुमरी विधानसभा के विधायक टाइगर जयराम महतो से मुलाकात कर कंपनी के मनमानी रवैये की शिकायत लिखित रूप से सौंपी है। विधायक टाइगर जयराम महतो ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही राजहरा कोलियरी और कार्बन फेयर माइंस के प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद करेंगे। मेहता ने कहा कि इस मामले को लेकर बहुत जल्द राज्यपाल संतोष गंगवार और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से भी मिलकर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

**पीवीजीटी बहुल परहिया टोला में लगा शिविर**

# सरकार की योजनाओं से आच्छादित होंगे आदिम जनजाति परिवार के लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कादलकुर्मी पंचायत अंतर्गत परहिया टोला स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को निवासित आदिम जनजाति परिवार को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशनकार्ड, उज्वला योजना, बैंक खाता, जन्म-मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र, आदिम जनजाति और दिव्यांग पेंशन, मतदाता पहचान पत्र,जाति, आवासीय प्रमाणपत्र, वन पट्टा,आवास, आयुष्मान कार्ड और टीकाकरण सहित अन्य कई योजनाओं की उपलब्धता की पड़ताल के पश्चात इनके लाभ से वंचितों को इनका लाभ पहुंचाया गया। इसमें कुल योग्य जॉब कार्ड के 26 लाभार्थियों में इससे वंचित 9 में से 6, जन्म प्रमाणपत्र के 30 में वंचित 16 में 2, आयुष्मान कार्ड के 104 में वंचित 35 में 6 और आदिम जनजाति पेंशन के 26 लाभार्थियों में से 4 को इन योजनाओं के लाभ से इस शिविर में आच्छादित किया गया। जबकि 26 कार्डधारकों में मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी व धोती वितरित किए गए। वहीं, आधार कार्ड के 9,जॉब कार्ड 3,बैंक खाता के 15, जन्म प्रमाणपत्र के 14, मृत्यु व दिव्यांग प्रमाणपत्र के 2-2, वोटर कार्ड के 6, वन पट्टा के 17, आयुष्मान कार्ड के 29, दिव्यांग पेंशन के 2 और आदिम जनजाति पेंशन के शेष 1 लाभार्थी को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। शिविर में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मोहम्मद नौशाद आलम, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल (नोडल पदाधिकारी), कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना के तहत सर्वेक्षण में परहिया और कोरमी दो टोलों में 26 परिवारों की कुल पीवीजीटी जनसंख्या 110 में पुरुष 59 व महिला 51 पाया गया। 10 खंभों पर स्ट्रीट लाइट की जरूरत पाया गया। एक स्कूल है। लेकिन वन धन और आंगनबाड़ी केंद्र नहीं हैं। वहीं, कोरमी परहिया दूसरे टोला नल-जल और सड़क योजना से वंचित पाया गया है।

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों का जनप्रतिनिधों से हुआ मोह भंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत हैदरनगर, मोहम्मदगंज व हुसैनाबाद प्रखंड सहित इससे जुड़े सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद की किल्लत गत दो माह से झेलनी पड़ी है। इस दौरान आंशिक रुप में खुदरा दुकानदारों और पैक्स के माध्यम खाद का आवंटन भी किया गया, जो अपर्याप्त साबित हुआ। सरकार और प्रशासनिक कुव्यवस्था से क्षुब्ध किसानों की उम्मीद राजनीतिक शक्ति पर लगी रही। किंतु संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी ने तो किसानों के समूह में राजनीतिक मोहभंग करने स्थिति उत्पन्न कर दी है। खेत में लहलहाती धान के फसल के खाद मिलने को पल पल प्रतीक्षा करती रही। किसानों ने इस दौरान विभिन्न स्तरों पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते रहे हैं। इसके किसी भी सत्तासीन जनप्रतिनिधियों ने यह भी नहीं कहा कि उनकी समस्या कैसे दूर होगी और उन्हें पर्याप्त खाद कैसे उपलब्ध हो सकेगा। इससे स्पष्ट है कि वर्तमान प्रतिनिधि किसान के हितैषी नहीं, बल्कि विरोधी है। उन्होंने कहा कि इनकी चुप्पी और वर्तमान रवैया से उनका राजनीतिक मोहभंग होने के कगार पर खड़ा हो गया है।

**जागरूकता**

## आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन

# महिलाएं शिक्षित होकर आपने हक व अधिकार को समझें: खुशबू

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** प्रखंड के नौडीहा वन पंचायत सचिवालय के प्रांगण में सोमवार की दोपहर पश्चिमी पांकी आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड एवं पंचायत क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में आजीविका महिला समूह की महिलाएं शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों के संबोधन में अतिथियों ने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। आज आजीविका महिला मंडल से जुड़कर महिलाएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं, जो बेहद हर्ष की बात है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल रही हैं।

### महिलाएं शिक्षा पर दें जोर

कार्यक्रम के संबोधन में जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने आजीविका मंडल से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा पर जोर देने की बातें कही। कहा कि यदि आप शिक्षित होंगी तो ही बेहतर समाज का निर्माण हो सकेगा। शिक्षित होकर ही हम अपने हक अधिकारों के लिए लड़ सकेंगे। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि सरकार कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, आज महिला सशक्तिकरण को लेकर अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसके तहत अनुदान पर वाहन कृषि उपकरण एवं व्यक्तिगत एवं सामूहिक ऋण भी आसानी से उपलब्ध किया जा सकता है। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान, मुखिया प्रतिनिधि रफीक अंसारी, हफीजुल अंसारी, बशारत हुसैन, हरिप्रसाद समेत जेएसएलपीएस के लोगों समेत सैकड़ों की संख्या में सखीमंडल की महिलाएं शामिल हुए।

## शहीद जवानों के परिजनों से मिलीं एसपी

**हैदरनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा व परता के शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहीद परिवारों को ढांढस बंधाते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। एसपी ने शहीद जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन के बाद कहा कि पलामू पुलिस इन वीर सपूतों के परिवारों के साथ सदैव खड़ी है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जायेगा और पुलिस बल दुश्मनों से इसका बदला लेने के लिए संकल्पबद्ध है। एसपी रिश्मा रमेशन ने कहा कि इन शहीदों का साहस और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। पलामू पुलिस हर संभव शहीद परिवारों की मदद करेगी।

### उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की, कहा-

# सभी सीएचसी में ओपीडी को बढ़ावा दें व रेफरल सिस्टम कम करें

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर स्वास्थ्य विभाग के अलग-अलग सूचकांकों की समीक्षा की। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं संस्थागत डिलीवरी की समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि पिछले माह की तुलना में इस माह संस्थागत डिलीवरी के आंकड़ो में सुधार हुआ है। जुलाई माह में 79 प्रतिशत था जबकि अगस्त में यह बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया है। इसपर उन्होंने इसमें और बढ़ोतरी लाते हुए संस्थागत डिलीवरी को शत-प्रतिशत कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। डीसी ने सभी सीएचसी प्रभारी को उनके यहां के निजी होस्पिटल में होने वाले डिलीवरी का डाटा शतप्रतिशत संकलन करने पर बल दिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। बर्थ डोज इम्यूनाइजेशन की समीक्षा के दौरान चैनपुर, हुसैनाबाद और पांकी को सुधार लाने के निर्देश दिये गये।

सीएचसी में ओपीडी को बढ़ावा दें
बैठक में डीसी ने कहा कि आमजनों के तरफ से विभिन्न सीएचसी द्वारा सामान्य मामलों को लेकर भी एमएमसीएच रेफर किये जाने की शिकायतें आ रहीं है। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों से बगैर उचित कार्यों के एमएमसीएच में मरीजों को रेफर करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने सभी सीएचसी में ओपीडी को बढ़ावा देने और रेफरल सिस्टम को कम करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि रेफरल वाले मामलों पर उसका वैलिड कारण लिखें कि उक्त बीमारी का किन परिस्थितियों में संबंधित सीएचसी में इलाज संभव नहीं है।

आयुषमान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा में डीसी ने पाया कि जिले में कुल 1907492 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसके विरुद्ध अबतक 8,83,677 लाभुकों का ही कार्ड बन गया है जो 46 प्रतिशत है। उन्होंने कार्ड बनाने में कहां और किस स्तर पर समस्या आ रही है उसके कारणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी को पीवीटीजी क्षेत्रों में लगाए जाने वाले कैंपों में अधिकाधिक कार्ड बनाने पर बल दिया। बैठक में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपचार पर भी विशेष चर्चा हुई।इसी तरह उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन फैमिली प्लानिंग, जन्म लेने वाले बच्चों के सभी आवश्यक टीकाकरण, इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग स्टेटस, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग/गंभीर बीमारी योजना की समीक्षा की। मौके पर डीआरसीएचओ डॉ. अवधेश, बीपीएम, बीपीएम, बीएएम, बीडीएम समेत विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### कोयल नदी पर बनेगा नया पुल, डीपीआर तैयार

## विधायक आलोक चौरसिया की पहल पर पथ निर्माण विभाग ने भेजा प्रस्ताव

- ₹64.06 करोड़ की लागत से बनेगा नया पुल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के डालटनगंज-चैनपुर को जोड़ने वाले कोयल नदी पर जल्द ही नया पुल बनेगा। स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया की पहल पर पथ निर्माण विभाग ने पुल निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुल निर्माण पर कुल 64 करोड़ 6 लाख 15 हजार खर्च होंगे, जिसमें भूमि अधिग्रहण की राशि भी शामिल है। तैयार डीपीआर को तकनीकी स्वीकृति के लिए पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को भेजा गया है। प्रस्ताव को तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद इसे राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। स्वीकृति मिलते ही क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण पुल की सौगात मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

### एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में नए प्राचार्य का स्वागत

- इंद्राणी चटर्जी ने कार्यभार संभाला, सर्वांगीण विकास व तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देने की बात कही

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में 15 सितंबर 2025 को नए प्राचार्य इंद्राणी चटर्जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा, विद्यालय की प्रबंधक किरण यादव, डीएवी पब्लिक स्कूल रांची की सह प्राचार्य नीरजा सहाय, वर्तमान प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार और वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का वैदिक परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इंद्राणी चटर्जी ने विद्यालय परिसर में मिले स्वागत से अभिभूत होते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तकनीकी प्रयोग और नवाचार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी शिक्षक और कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता के साथ विद्यालय की प्रगति में योगदान दें ताकि छात्र न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफल होकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें। पूर्व प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने बताया कि नए प्राचार्य के पास शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। सीबीएसई और नई शिक्षा नीति 2020 की गहरी समझ के साथ उनके नेतृत्व में विद्यालय सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका मीनाक्षी करण, रमाशंकर यादव समेत अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## जेएस कॉलेज में पीजी फाइनल सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** जेएस कॉलेज में पीजी सत्र 2022–24 के फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार पासवान ने जानकारी दी कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अनुचित गतिविधि को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे परीक्षा केंद्र पर केवल अपना एडमिट कार्ड और पेन ही लेकर आएं। मोबाइल फोन या अन्य अनावश्यक सामग्री लाना प्रतिबंधित रहेगा। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि सभी विद्यार्थी अनुशासन, ईमानदारी और गंभीरता के साथ परीक्षा देंगे, जिससे न केवल कॉलेज की साख बढ़ेगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी सुदृढ़ होगी।

## स्वस्थ शरीर ही सफल अध्ययन की नींव है : राजीव शरण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन का आयोजन प्रेरणा और उत्साह से परिपूर्ण रहा। दिनभर की गतिविधियां छात्रों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को केंद्र में रखकर आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत योग शिक्षक राजीव शरण के सत्र से हुई, जिन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और योगाभ्यास के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर ही सफल अध्ययन की नींव है। शरण ने छात्रों के साथ मिलकर विभिन्न योगाभ्यास भी कराए, जिसे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया। इसके पश्चात, कार्यकारी अभियंता संतोष कुमार ने भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर उनके जीवन और योगदान को स्मरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कुमार ने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और ज्ञान यही सफलता की त्रयी है। विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के साहित्यिक क्लब द्वारा भी एक विशेष प्रस्तुति दी गई। क्लब के सदस्यों ने साहित्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शब्दों में दिशा बदलने की शक्ति होती है। साहित्य न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का भी आधार है। इस सफल आयोजन का संचालन प्रो. भवेश कुमार, प्रो. निपेन दास, डॉ. दीपेश कुमार और डॉ. सुमित कुमार ने किया। छात्र समन्वयक मंजीत कुमार, बिलाल अंसारी, रिया कुमारी और अर्नव ने सक्रिय सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चैनपुर नेउरा रोड की हालत पर फिर उठे सवाल

## महापौर अरुणा शंकर ने कहा- त्योहारों से पहले रोड की मरम्मत जरूरी, प्रशासन तुरंत करे कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर नेउरा रोड की स्थिति को लेकर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि इस सड़क की मरम्मत के लिए पहले से एक रिपेयरिंग टेंडर मंत्री राधाकृष्ण किशोर और सांसद विष्णु दयाल राम से मिलकर स्वीकृत कराया गया था। टेंडर हो चुका है और फाइल रांची में सीएस स्वीकृति के लिए लंबित है, जिसकी स्वीकृति कभी भी मिल सकती है। इस बीच कैबिनेट द्वारा इसी सड़क के लिए 105 करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति मिल गई है, जिससे पहले से स्वीकृत टेंडर अब रद्द होने की स्थिति में पहुंच गया है। महापौर ने सवाल उठाया कि यदि अब 105 करोड़ की नई टेंडर प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें कम से कम चार महीने लगेंगे। ऐसे में दशहरा, दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान क्या जनता इसी हालत में सड़क पर सफर करेगी? महापौर ने प्रशासन और संबंधित विभाग से अपील की है कि इस रोड की तत्काल मरम्मत की जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग शहर में आने-जाने वालों के लिए एक प्रमुख रास्ता है, जिसकी स्थिति पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। चैनपुर श्मशान घाट को लेकर उन्होंने जानकारी दी कि इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और वे स्वयं अगले एक-दो दिन में निरीक्षण करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उसमें कोई कमी रह गई होगी तो उसे वे अपने निजी खर्च से पूरा करेंगी। साथ ही चैनपुर बाजार में डेकोरेटिव लाइट्स लगाने की जानकारी दी, जिससे बाजार क्षेत्र में रोशनी व्यवस्था बेहतर होगी।

## 'परिमल प्रवाह' का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया

- युवा कवि रविशंकर पांडेय को 'साहित्य श्री सम्मान'

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत कुसुमदाहा में राज परिवार द्वारा निर्मित मंदिर परिसर में साहित्यिक संस्था परिमल प्रवाह ने रविवार को अपना 11वां स्थापना दिवस मनाया। यह संस्था 10 वर्ष पूर्व हिंदी दिवस के अवसर पर स्थापित हुई थी। समारोह के मुख्य अतिथि पुरूषोत्तम तिवारी रहे। अध्यक्षता सत्यनारायण तिवारी ने की और संचालन संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विजय प्रसाद शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन विजय शंकर मिश्र ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रथिन्द्र नाथ झा ने किया। इस अवसर पर परिमल प्रवाह द्वारा युवा कवि रविशंकर पाण्डेय को उनके यात्रा-वृत्तांत 'बढ़ते कदम, रेंगती बातें' के लिए साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में हिंदी को राष्ट्र की एकता का सूत्र बताते हुए इसके सर्वग्राह्य स्वरूप को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने पलामू की स्थानीय बोलियों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। संस्थापक संरक्षक हरिवंश प्रभात ने संस्था की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मंच नवोदित रचनाकारों के लिए उत्साह और मार्गदर्शन का कार्य करता है। विजय शंकर मिश्र ने संस्था का ध्येय गीत प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. शुक्ल ने परिमल प्रवाह की साहित्यिक यात्रा को स्वर देते हुए कहा- बगिया में कोयल की बोली सुहाय रे, परिमल की नीत नूतन धारा बहती जाय रे।

शिक्षक पशुराम तिवारी ने हिंदी की ऐतिहासिक भूमिका और वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान कवयित्री ममता झा, लोकतंत्र सेनानी रविशंकर पाण्डेय, शायर एम.जे. अजहर, जया लक्ष्मी, इंदु तिवारी, अंजनी कुमार दूबे, मनीष मिश्र 'नंदन', राजीव द्विवेदी, अमीन रहबर, अवधेश कुमार पाण्डेय सहित कई साहित्यकारों और कवियों ने काव्य-पाठ कर हिंदी की गरिमा और विस्तार पर बल दिया। बीज वक्तव्यों और रचनाओं के माध्यम से साहित्य, संस्कृति और भाषा संरक्षण पर गहन चर्चा हुई।



# नदी के तेज बहाव में बहे युवक का शव एक किलोमीटर दूर मिला

● बाजार से लौटने के दौरान हुआ हादसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक बड़ा हादसा हो गया। ग्राम बेता के टोला जोरीकरम निवासी विजय सिंह उम्र 45 वर्ष पिता स्व. रामधारी सिंह की नदी पार करते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजय सिंह जिउतिया पर्व के लिए रविवार को पास के मुरटंगी गांव के साप्ताहिक बाजार से सामग्री खरीदकर लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे जब वे घर जाने के क्रम में बीच रास्ते पड़ने वाली कुसुमदाहा नदी को पार कर रहे थे, तभी तेज बहाव में बह गए। नदी का उफान इतना तेज था कि उसे बहाकर करीब 1 किलोमीटर दूर डंडडुबी नदी तक ले गया। सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार हरकत में आए। सब-इंस्पेक्टर काशिद हुसैन और सुखराव उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को रात में ही नदी से बाहर निकाला गया और थाने लाया गया। सोमवार को करीब 9 कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में मातम का माहौल है और ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है।



## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**कांडी।** थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कांडी अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने की। बैठक में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने संबोधित करते हुए उपस्थि दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव का कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके से मानने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से कांडी क्षेत्र में सौहार्द पूर्ण तरीके से सभी पर्व त्योहारों को मनाया जाता रहा है। थाना प्रभारी अशफाक आलम ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। यदि किसी भी प्रकार की कोई व्यवधान उत्पन करने वाला हो तो पुलिस को गुप्त सूचना दें।

## कैलान में जंगल में पेड़ों की कटाई व अवैध कब्जा

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान क्षेत्र में जल जंगल जमीन बचाओ अभियान समिति के सदस्यों ने हाल ही में जंगल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान समिति के सदस्यों ने देखा कि जंगल की कई जगहों पर अवैध रूप से घर और मकान बना दिए गए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा जंगल की भूमि पर अतिक्रमण कर वहां बसावट की जा रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। समिति के सदस्यों ने यह भी पाया कि जंगल में पेड़-पौधों की बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। इस दृश्य को देखकर समिति के सदस्य बेहद नाराज हुए और उन्होंने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि वे जंगल की भूमि खाली करें और पेड़-पौधों की कटाई तुरंत बंद करें। समिति के एक सदस्य ने कहा, पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि वन्य जीवों का आश्रय भी हैं। यदि इसी तरह जंगलों का अतिक्रमण होता रहा, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और जल भी नसीब नहीं होगा। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि जंगल की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और जंगलों को बचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

## मंईयां योजना के सत्यापन को लेकर ग्राम सभा

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सचिवालय पतरिया में सोमवार को मंईयां सम्मान योजना की योग्य एवं अयोग्य लाभुकों की भौतिक सत्यापन को लेकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा का आयोजन मुखिया पुष्पा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंईयां सम्मान योजना की भौतिक सत्यापन हेतु लाभुकों से आधार कार्ड के छाया प्रति पर हस्ताक्षर एवं मोबाइल नंबर के साथ पहचान कर उनकी भौतिक सत्यापन की गई। इस संबंध में पंचायत सचिव संतोष सिंह ने बताया कि सरकार की निदेर्शानुसार जिस लाभुकों की इस योजना के लाभ मिल रहा है। ग्राम सभा में मंईयां सम्मान योजना की भौतिक सत्यापन को लेकर महिलाओं की भीड़ उम्र पड़ी। परंतु कुछ वैसे महिला थे जिनको अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर उपस्थित महिलाओं ने सरकार के नीति नियम पर असंतोष जताया। मौके पर रोजगार सेवक नरेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रिंस ठाकुर, वार्ड सदस्य कमलेश राम के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

## कालाबाजारी : बाजार में 800 रुपये प्रति बोरा के दर से मिल रहा यूरिया

**रमना।** प्रकृति द्वारा खरीफ फसल सिंचाई हेतु समय-समय पर हो रही वर्षा से किसानों का मन हर्षित है, कि फसल में कीड़ा एवं रोग नहीं लगेगा। वहीं अनावश्यक रासायनिक खरपतवार एवं कीटनाशको का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। प्रकृति द्वारा हो रही वर्षा से अन्नदाताओं का फसल लहलाहा रहा है, जो यूरिया के किल्लत से परेशान किसानों को रात दिन कतार बद्ध होकर जो परेशानी उठानी पड़ी है। उस पीड़ा पर मरहम का काम कर रहा है। रमना प्रखंड में सतरह अनुज्ञप्तिधारी खाद बीज दुकान है, जिसमे से चार पांच खाद बीज दुकान द्वारा ही तय सरकारी मूल्य को छोड़ कर 320-500 रुपये प्रति बोरी के दर से किसानों को 2500 बोरी यूरिया किसानो के बिच वितरण किया गया। इसमें भी किसानो को जंग लड़ने जैसे प्रयास के बाद एक बोरी यूरिया प्राप्त हुआ। सरकार द्वारा तय दर पर यूरिया किसानो को दिलवाने में साशन प्रशासन पूरी तरह से विफल रहा। आज भी किसानों को अंतिम बार सिचाई के लिया यूरिया कि जरुरत है लेकिन कोई भी अनुग्यप्तिधारी दुकान द्वारा किसानो को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, लेकिन 700-800 रुपये प्रति बोरी के दर से यूरिया खाद का कालाबाजारी बदस्तूर जारी है। एक तरफ अनुज्ञप्तिधारी के पास स्टॉक नहीं है, वहीं कुछ लोग आज भी यूरिया खाद किसानों को 700-800 रुपये प्रति बोरी दे रहे है।

### साइबर अपराध को लेकर जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# छात्र अपने अभिभावकों को साइबर अपराध के खिलाफ करें जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध के विरुद्ध लोगों को सचेत और जागरूक करने के लिए केतार थाना और ग्रामीण बैंक के द्वारा जामा उच्च विद्यालय छाताकुड़ में जागरूकता कार्यक्रम की गई। इस अवसर पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पिंटू कुमार ठाकुर ने कहा कि लालच में आकर हमलोग साइबर अपराध के शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराध मंईयां योजना, पीएम किसान योजना, सुखा राहत योजना का लाभ प्रलोभन देकर ठगी कर लेते हैं। आजकल अपराधी डिजिटल ठगी भी करने लगे हैं। इसलिए कोई अनजान व्यक्ति फोन करें और ओटीपी पुछे तो उसे नहीं बताएं। वाट्सऐप पर अनजान मैसेज का रिप्लाई नहीं करें अन्यथा फ्रांड का शिकार हो सकते हैं। वहीं सब इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ठाकुर ने कहा कि साइबर फ्रॉड का मतलब डिजिटल ठगी करना है। किसी अनजान व्यक्ति का मैसेज क्लिक करते ही आपके बैंक एकाउंट से पैसा कट सकता है। अगर अनजाने में आप साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराएं। महिला सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि लड़कियां एवं महिलाएं अनजान व्यक्ति से संपर्क न रखें, असुरक्षित महसूस करती है तो 112 पर फोन कर पुलिस से सहायता ले सकती है। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी है। इसलिए साइबर अपराधी भोले-भाले ग्रामीणों से उनके रिश्तेदार या परिजन का एक्सीडेंट बताकर या फिर पुलिस बनकर ड्रग्स के साथ पकड़ने की बात कह कर पैसा मांगते हैं। भोले-भाले लोग बचने के लिए पैसा डाल देते हैं। जब आप अपने रिशतेदार से पूछते है तो पता चलता है कि वहां कुछ हुआ ही नहीं है। ऐसे में वो ठगी का शिकार हो जाते हैं। विद्याथीर्यों को अपने साथ-साथ अभिभावकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, राजेश्वर ठाकुर, शैलेश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, अनुज कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रभू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## नीलांबर-पीतांबर संघर्ष समिति की बैठक

**बड़गड़।** मंडल डैम के डूब क्षेत्र, नीलांबर पीतांबर संघर्ष समिति के द्वारा बीते रविवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उनके पुनर्वास की समस्याओं पर चर्चा की गई। सरकार से पूर्व राजस्व दस्तावेज के अनुसार भूमि ऑनलाइन कर रशिद निर्गत करने, जाति निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने एवं 1857 के क्रांतिवीर नीलांबर-पीतांबर के गांव को पर्यटन स्थल का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता अनिल हपतगड़ा एवं संचालन संजीव मिंज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्तागण संजय सिंह, काशीनाथ सिंह, अलबिस मिंज, सुनील खलखो, राजेश कच्छप, लखन यादव, पुष्पा कुजूर,महेंद्र प्रसाद आदि ने विशेष रूप से मंडल डैम डूब क्षेत्र के रैयत ग्रामीणों के साथ सरकार के विविधकरियों द्वारा दिगभ्रमित करने के संबंध में, पुनर्वास को लेकर 2018 के सर्वे में कुछ बाहरी लोगों का सर्वे सूची में नाम दर्ज किया गया है।

# बस स्टैंड में न तो प्रतीक्षालय व न ही पेजल की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित बस स्टैंड में यात्रियों को सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्रामीण इलाके के प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण यहां पहुंचते हैं। लेकिन यहां पर बस स्टैंड नहीं होने की वजह से यात्रियों को कर्पूरी गेट के पास बस का इंतजार करना पड़ता है। केतार कर्पूरी गेट बस स्टैंड से गढ़वा, डाल्टेनगंज, जपला, राब्रर्डसगंज, वाराणसी के लिए एक दर्जन बस और छोटे वाहनों का आना-जाना होता है। इसके बावजूद बरसों से यहां की स्थिति बदहाल है। ना तो यहां यात्रियों को ठहरने के लिए प्रतीक्षालय है और न ही राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था। इसके साथ ही सब्जी बाजार, अंबेडकर चौक, खरौंधी मोड़, कोल रोड़ मोड़ इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों लोग केतार बाजार पहुंचते हैं। ऐसे में बस स्टैंड पर यात्रियों की आवाजाही रहती है। यात्रियों को गर्मी, तेज धूप, गर्म हवाओं एवं बरसात दिनों में खुले में बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बस स्टैंड के अभाव में बस और छोटी-छोटी वाहन सड़क किनारे लगी रहती है जिस कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय दुकानदार यमुना प्रसाद, राम चौधरी, आदित्य कुमार, चंदन, मुन्ना चंद्रवंशी ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। वहीं व्यवसाय जो दुकान संचालित करते हैं उन्हें भी परेशानी होती है। कर्पूरी गेट के समीप तत्कालीन विधायक भानू प्रताप शाही के मद से लगा सोलर जलमीनार छह महीने से खराब है। इसलिए यहां दुकानदारों और यात्रियों को पीने की पानी की सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। यहां के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया गया है, लेकिन किसी के द्वारा अब तक संज्ञान लेकर इस मामले का निदान नहीं निकाला गया।

# इंडिया › भारतीयता के बूते वैश्विक ब्रांड बनता भारत और विरोध



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वाजपेयी जी ने एक बार कहा था कि हम भारतीय विश्व में जहां भी जाते हैं, अपने साथ एक छोटा सा भारत लेकर जाते हैं। मारीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम की यात्रा से लगा कि भारतीय जहां भी जाते हैं अपने माता पिता के संस्कारों के साथ अपने गांव,समाज या क्षेत्र के रीति रिवाज साथ लेकर जाते हैं। भले समय की दौड़ में उसमें धूल जम जाए पर हमारे मन से भारत और उसकी स्मृति कभी मिटती नहीं। यही कारण है कि विदेशों में पीढ़ियों के बाद भी छोटा भारत बसा हुआ है। यही हाल भारत के अंदर रोजगार के लिए पलायन करने वाले लोगों का है जो अपने जन्मस्थान या जड़ों की स्मृति को सदियों बाद भी जीवित रखते हैं। पाकिस्तान से आए शरणार्थी जो अब भारत के अभिन्न अंग बन चुके हैं पर उनके मन के कोने में अपने जन्मस्थान या बचपन की यादें आज भी ताजा हैं। झारखंड, बिहार सहित भारत के हिंदी भाषी ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ देशों में गए हुए मजदूर जिन्हें गिरमिटिया कहा जाता है अपने साथ अपनी कपड़ों की गठरी में श्रीरामचरितमानस, हनुमान चालीसा, सत्यनारायण की कथा, देवी-देवताओं के चित्र मंगलसूत्र, सिंदूर-टिकुली, पाजेब, करधनी, तीज-त्योहार में उपयोग आने वाला सामान आदि सभी कुछ साथ रख लेते थे। गिरमिटिया मजदूर, अनुबंधित या ठेका मजदूर होते थे पर चूंकि सरकार यानी गवर्नमेंट ले जाती थे इसलिए गोर्मेंटिया से गिरमिटिया नामकरण हो गया। मॉरीशस और फ़िजी जैसे देशों में ये राष्ट्राध्यक्ष तक बने पर वस्तुतः ये गुलाम ही हुआ करते थे। 'इंडेंचर्ड लेबर' या गिरमिटिया मजदूर जिन्हें अंग्रेजों ने कभी 'गोल्डन लैंड' का मनमोहक स्वप्न दिखाकर, तो कभी डरा-धमकाकर, भयभीत करके, कोर्ट कचहरी, भूमि जब्त कर लेने की धमकी देकर जबरन अपने गुलाम देशों में श्रमिक के रूप में भेजा करते थे। इस प्रकार गए हुए ऐसे भारतीय मजदूर जो उन कथित 'गोल्डन लैंड्स' में जाकर जीवन अपने देश लौटने का किराया भी नहीं जुटा पाए और बेबस होकर वहीं मर-खप गए। गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, जमैका, फिजी, मॉरीशस, मलेशिया, फिजी, दक्षिण अफ्रीका के युगांडा, केन्या, तंजानिया जैसे कुछ अन्य देशों में आज इन्हीं भारतीय गिरमिटियों के वंशज आज अपने श्रम, लगन, ध्यान, देशप्रेम, से भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रहें हैं। हमें बड़ा गौरव का भान होता है कि इन देशों में ये कभी दीन-हीन रहे ये भारतीय गिरमिटिया मजदूर कितने ही अभावों में रहें हों, कितनी ही भूख से मर-मर गए हों किंतु अपराधी नहीं बने। गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों ने इन देशों में अपने श्रम से अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, नैतिक, राजनैतिक आधारपीठ का निर्माण कर लिया है। उपरोक्त सभी देशों में गए हुए भारतीय गिरमिटिए, वहां समरस हो गए हैं। अलगाव या देशविरोधी भाव तो इन्हें छू भी नहीं गया है। इसी तरह बड़ी संख्या में कनाडा में बसे भारत मूल के लोग हैं जिन्होने भारत को एक सम्मानित ब्रांड बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि कनाडा में पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल जैसे भारतीय उपप्रायद्वीप के लोग भी अपने को भारतीय यानी इंडियन बताते हैं और अपनी दुकानों के नाम द इंडियन स्टोर रखते हैं जिसपर भरोसा कर ग्राहक बड़ी संख्या में जाते हैं। वहां के लोग बताते हैं कि यदि वे अपने स्टोर का नाम द पाकिस्तानी स्टोर रख दें तो ग्राहक बिदक जाएंगे। तथाकथित सभ्य अंग्रेजों ने ज्ञात रूप से 1.2 मिलियन और अज्ञात रूप से, न जाने कितने लाख विवश-बेबस भारतीयों को अपने उन्नीस ग़ुलाम देशों में जबरन भेज दिया था। यह मानवता के प्रति कथित 'जेंटलमैन अंग्रेजों' का अपराध था। 1917 में बड़े विरोध के बाद ब्रिटिशर्स ने इस अपराध श्रृंखला को रोका था, तब तक लाखों भारतीय परिवार हजारों किमी दूर उन अंग्रेजी कॉलोनियों से स्वदेश लौटने हेतु तड़प रहे थे। आज यह गर्व का विषय है कि अंग्रेजी के किताबों के अनुसार निपट अशिक्षित, विपन्न, साधनहीन भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के वंशज, अपनी ईमानदारी और भारतीयता के बल पर इन देशों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मंत्री, गवर्नर, प्रशासक, न्यायाधीश, उद्योगपति, बिजनेस टायकून, कंपनी कार्पोरेटर, साहित्यकार, एकेमेडिशियन्स, प्रेरक संत आदि-आदि के रूप में अपनी छटा बिखेर रहे हैं। हजारों किमी दूर के इन देशों में जहां कभी भारतीयता का नाम भी नहीं था वहां प्रतिवर्ष सभी भारतीय उत्सव बड़े ही उल्लास व उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं।





## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**–: आवश्यक सूचना :–**

लातेहार थाना काण्ड संख्या 234/2022 दिनांक 18.09.2022 धारा 147/148/149/ 307/353/120(B) भा0द0वि0, 25(1–A)/25(1–AA)/26(2)/27/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के निम्न लिखित अभियुक्त के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | शिव सिंह उर्फ षिवा उर्फ कईला पे0 सुखलाल सिंह सा0 जेर गोदना, थाना+जिला लातेहार। |
| 2. | रामदेव लोहरा उर्फ साधु उर्फ काका, पे0 चमन लोहरा, उर्फ बालमुकुन्द सा0 बिनगढ़ा थाना+जिला लातेहार। |


PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED


Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 | CHILD HELPLINE-1098
WOMEN HELPLINE-1091 | DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181
CYBER CRIME HELPLINE-1930 | AMBULANCE SERVICE-108

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,लातेहार
PR 361963 (Police)25-26*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**–: आवश्यक सूचना :–**

लातेहार थाना काण्ड संख्या 282/2021 दिनांक 21.11.2021 धारा 147/148/149/341/342/307/ 353/427 भा0द0वि0, 3/4 वि0पदा0अधि0, 17 सी0एल0ए0 एक्ट, 10/13 UAP Act. 15(1) रेलवे एक्ट एवं 3/4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के निम्न लिखित अभियुक्त के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रविन्द्र गंझू उर्फ कमलेश उर्फ सुरेन्द्र गंझू उर्फ टैंगो जी, पिता स्व0 रामनाथ गंझू, पता हेसला, बॉझीटोला, थाना चन्दवा, जिला लातेहार। |


Court of C.J.M. Latehar
Latehar P.S. 282/2021
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुआए जाबिते फौजदारी)

PR 361964 Police(25-26).D

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,लातेहार

● POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 ● CHILD HELPLINE-1098 ● WOMEN HELPLINE-1091
● DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 ● CYBER CRIME HELPLINE-1930 ● AMBULANCE SERVICE-108

## ।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा ।।

**–: आम सूचना :–**

गढ़वा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 19 रा0 (वि0) दिनांक 10.09.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा। जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प संख्या 452 दिनांक 15.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी।

राज्यादेश संख्या 19 रा0 (वि0) दिनांक 10.09.2025 के द्वारा जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा से संचालित होने वाली योजनाओं के लिए गढ़वा जिला को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का विवरणी निम्न प्रकार है –

| क0 | योजना का नाम | कुल लागत | लागू सब्सिडी (सरकारी अनुदान) | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 75 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) | 25 प्रतिशत (अन्य सभी वर्ग के लाभुक) |
| 1 | बकरा विकास योजना (8+2) | 49600 | 44640 | 37200 | 4960 | 12400 |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800 | 52020 | 43350 | 5780 | 14450 |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (400 लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200 | 106380 | 88650 | 11820 | 29550 |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67500 | 60750 | 50625 | 6750 | 16875 |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना (30 चूजा) | 3400 | 3060 | 2550 | 340 | 850 |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्ते :–**

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
2. योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी महिला/पुरूष/स्वंय सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जायेगा। जिसमें औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरान्त चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जायेगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधी ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है–
   (क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो इस संबंध में लाभुक को आवासीय जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
   (ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
   (ग) विगत पॉच वर्षो में जिन परिवारों JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
   (घ) बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना के अन्तर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अंडा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अन्तर्गत योजना का कियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अन्तर्गत पशु/पक्षी शेड आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु/पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजनान्तर्गत दवा, मिनरल मिक्चर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित ईकाई दर विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। अनुदान की राशि क्लेम बील के आधार पर जिला के पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त उपलब्ध कराई जाएगी।
9. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/Dedicated Bank Account संबंधित BAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तान्तरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वंय का अंशदान एक माह के अन्दर Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी इच्छुक पशुपालक से आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदन के साथ प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा कार्यालय में निर्धारित तिथि 10.10.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 361968 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## अपर समार्हत्ता ने हेरहंज अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**हेरहंज।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को अपर समाहर्ता रामा रविदास ने जिले के हेरहंज अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और सभी पंजीयों का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यालयीय कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने राजस्व संबंधी अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव और आम जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे, अंचल निरीक्षक शोयेब अख्तर, राजस्व शाखा के प्रधान लिपिक अरुण कुमार समेत सभी राजस्व उप निरीक्षक, निम्न वर्गीय लिपिक, अनुसेवक एवं अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।

## 12वीं के 130 छात्र भर सकेंगे फॉर्म : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लाल प्रतुल नाथ शाहदेव ने बताया कि सोमवार को जैक कार्यालय में अध्यक्ष स्तर पर बैठक कर इनवेलिड रिजल्ट पर नीतिगत फैसला ले लिया गया है। इस बात पर सहमति बन गई है कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव उच्च विद्यालय रोल चंदवा के 11वीं कक्षा के छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। 130 छात्रों का रिजल्ट इनवैलिड होने के कारण उनका वर्ष खराब नहीं होने दिया जाएगा। प्रतुल ने बताया कि इस संबंध में उनकी जैक के उच्च अधिकारियों से बात हुई, जहां से यह जानकारी सामने आई। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएगी और 12वीं का फॉर्म भरने से वंचित 130 छात्रों को भी फॉर्म भरने दिया जाएगा। प्रतुल ने इस बड़े कार्य के लिए जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा, सचिव जयंत मिश्रा एवं जैक के तमाम पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है। ज्ञातव्य है की भाषा का गलत ऑप्शन भर देने के कारण जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस टू विद्यालय रोल, चंदवा के 130 छात्रों का परिणाम रोक दिया गया था। यह आदिवासी बहुल इलाका है और इसके अधिकांश छात्र आदिवासी है। मामले की जानकारी मिलने पर प्रतुल शाहदेव ने इसे मुख्यमंत्री के समक्ष ट्वीट कर उठाया था। प्रतुल ने इस विषय पर कल ही जैक अध्यक्ष एवं सचिव से बातचीत कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद जैक कार्यालय में आज इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें छात्रों के हित में नीतिगत फैसला लिया गया। जिसका आज सकारात्मक परिणाम निकला है। प्रतुल ने कहा है कि वह इस पूरे मामले के पटाक्षेप हो जाने तक निगरानी बनाए रखेंगे।

## तीन दिन बाद मिला पतरातू से गायब नाबालिग

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदीया पंचायत अंतर्गत टूढामु गांव से 14 वर्षीय एक बालक को पुलिस ने एक घर से बरामद किया है। यह बच्चा तीन दिन से अपने घर से लापता था। बच्चे की मां पिंकी देवी पति धनेश्वर ठाकुर अपने बच्चे को खोजते हुए चंदवा पहुंचे जहां टोरी स्टेशन के पास अपने कुछ जान पहचान के लोगों से विचार विमर्श कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चंदवा पीएलवी राजेश प्रसाद से संपर्क किया। इसके बाद सभी लोग चंदवा थाना पहुंचकर मामले की सूचना चंदवा थाना को दी। बच्चे की मां पिंकी देवी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेरा बच्चा तीन दिन से घर से लापता है। हमारा घर तुकीर्सुत तेरपा थाना पतरातू जिला रामगढ़ है। कुछ दिनों पूर्व चंदवा के ही एक व्यक्ति जिसका तुकीर्सुत गांव में ससुराल है। वह वहां गया हुआ था उसी दरमियान बच्चे को वह ठग फुसलाकर ईंट भट्ठा में काम दिलाने के नाम पर चंदवा ले आया। इसकी भनक चंदवा आने के बाद परिजनों को लगी। परिजनों के द्वारा जानकारी मिलने पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के निर्देश पर शशि रंजन सिंह गस्ती दल के साथ बच्चे की तलाश को लेकर टूढामु गांव पहुंचे जहां पर बच्चा एक घर में पाया गया । बच्चे से पूछताछ के उपरांत बच्चा को सकुशल चंदवा थाना लाया गया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे की मां को बच्चा सुपुर्द किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश प्रसाद के अलावे कपिल कुमार, रिंकू कुमार, रवि ठाकुर, कृष साव, जनक साव का योगदान सराहनीय रहा।

## झूमर कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के परोका एवं शहरजाम में जितिया पर्व को लेकर अखिल भारतीय भुइयां समाज के द्वारा सोमवार को झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रमुख प्रिया कुमारी, जिप सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता, भाजपा नेता बसंत नारायण सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, कदगांवा पंचायत के मुखिया अशोक भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। इसके बाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भोक्ता स्वयं मांदर बजाते हुए थाप पर भी खूब थिरके। परोका में मनोज भुइयां एवं संजय भुइयां के प्रयास से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने कहा समाज की परंपरा और संस्कृति को बचाने को लेकर झूमर का आयोजन किया जाता है। शहरजाम में भी मंत्री झूमर में खूब थिरके। उपरोक्त झूमर कार्यक्रम में भारी संख्या में पुरुष एवं महिला झूमर देखने पहुंचे थे।

## रॉयल्स क्रिकेट क्लब ने हजारीबाग को 8 विकेट से हराया

**चतरा।** रॉयल्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में फ्रेंडली अभ्यास मैच सदर प्रखंड के लेम स्थित खेल मैदान में खेला गया। मैच रॉयल्स क्रिकेट क्लब बनाम हजारीबाग टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हजारीबाग की टीम ने 06 विकेट खो कर 30 ओवर में 249 रन बनाए। जिसमें शिवम ने 74 रन तथा अविरल ने 72 रन बनाये। बोलिंग करते हुए विकास ओर कुंदन ने 02-02 विकेट लिए। वहीं रॉयल्स क्रिकेट क्लब की टीम ने लक्ष्य का पीछा करने हुए 23 ओवर में ही 252 रन बना कर मैच 8 विकेट से जीत लिया। पंकज ने 11 छक्कों की मदद से 103 रन बनाये तथा कुंदन शाही ने 04 छक्के और 08 चौकों की मदद से 74 रनों की नाबाद पारी खेली। शानदार शतक बनाने के लिए पंकज यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई राजस्व संबंधी समीक्षात्मक बैठक, कहा-

# लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिले में राजस्व से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के राजस्व प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, भू-मापी, राजस्व न्यायालय के लंबित मामलों, गैर-मजरूआ भूमि के ऑनलाइन सर्वे सहित राजस्व संबंधी अन्य विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय एवं सुविधा मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से हंटरगंज में 132 केवी ग्रिड के लिए अपयोजित वन भूमि के एवज में क्षतिपूरक वन रोपण हेतु गैर वन भूमि को 15 दिनों के भीतर चिन्हित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही चतरा अंचल अंतर्गत इंडस्ट्रियल पार्क, सोलर पार्क एवं मंडल कारा निर्माण समेत अन्य परियोजनाओं हेतु चिन्हित भूमि का प्रस्ताव शीघ्र जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया, ताकि आगे की कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। बैठक में स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कुल 54 प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र हेतु चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण कराने के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त करने को कहा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं से संबंधित प्रस्ताव, रिपोर्ट एवं अद्यतन स्थिति समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व प्रबंधन को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी, अन्य विभागीय अधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**बारियातू।** थाना परिसर में दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक प्रमानंद विरूआ, बारियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवन, सभी पुजा समिति के सदस्य, मुखिया, जनप्रतिनिधि समाज सेवी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी निदेर्शानुसार ही दुर्गा पूजा मनाएं। दुर्गा पूजा समितियों को पूजा का लाइसेंस ले लेने, पूजा पंडालों में ज्वलनशील पदार्थो का प्रयोग ना करने, अग्नि सामक पदार्थों का व्यवस्था रखने, डीजे में अश्लील गाना ना बजाने व रात्रि दस से ग्यारह बजे तक ही लाउडस्पीकर का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने सभी क्षेत्र वासियों को शांति व सौहार्द पुर्ण वातावरण में त्योहार मनाने व इसके लिए प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। पंडाल के अंदर बिजली के तार को अच्छे ढंग से लगवाने की निर्देश दिया गया। मौके पर सभी पूजा समितियों के सदस्य, मुखिया, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी व थाना परिवार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अव्यवस्था के विरोध में झारखंड छात्र मोर्चा का आंदोलन

**लातेहार।** डिग्री महाविद्यालय, मनिका में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्था एवं बारह सूत्री मांगों को लेकर 15 सितंबर को झारखंड छात्र मोर्चा, मनिका इकाई के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व उत्तम कुमार ने किया। उत्तम कुमार ने कहा कि महाविद्यालय को खुले सात वर्ष पूर्ण हो चुके है, बावजूद इसके महाविद्यालय में शिक्षकों का टोटा है। शिक्षक की कमी की जानकारी होने के बावजूद भी महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जा रही है। अर्थशास्त्र के शिक्षक नहीं है। वाणिज्य संकाय के शिक्षक को अर्थशास्त्र पढ़ाने का जिम्मा दे दिया गया है। पुस्तकालय में लाखों किताबें धूल फांक रही है। कुमार ने विश्वविद्यालय के कुलपति पर डिग्री कॉलेज मनिका के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। छात्र कुलदीप ने बताया कि महाविद्यालय में सेशन लेट होने के कारण छात्रें भविष्य अंधकारमय हो गया है। धरना के बाद कुलपति को संबोधित 12 सूत्री मांग पत्र प्रचार्य को सौंपा गया। मौके पर बलि यादव, कलाम अंसारी, उदित यादव, आशीष कुमार,अर्जुन यादव, अमरजीत यादव, गणित कुमार, सुजीत ठाकुर, रोहित यादव, सरस्वती कुमारी, रीना, रितिका, सुनीता व मुनिया समेत कई छात्र व छात्रा मौजूद थीं।

## पीएचईडी कार्यालय में मना इंजीनियरिंग दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पीएचईडी कार्यालय में इंजीनियरिंग दिवस पर सोमवार को महान अभियंता भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 124वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान विभाग के अभियंताओं एवं कर्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो ने कहा कि हर साल 15 सितंबर को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की याद में अभियंता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अभियंता दिवस का उद्देश्य समाज और राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं के योगदान को सम्मानित करना है। यह दिवस युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने कहा कि 1861 में जन्मे विश्वेश्वरैया आधुनिक इंजीनियरिंग के जनक माने जाते हैं। उन्होंने बांधों, सिंचाई परियोजनाओं और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। मैसूर राज्य के दीवान के रूप में उन्होंने कई विकास कार्यों की नींव रखी। उनके प्रयासों से ही आधुनिक भारत की कई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण संभव हो पाया। जेई वीरेंद्र कुमार सिंह ने विश्वेश्वरैया के जीवन से हमें अनुशासन, मेहनत और नवाचार की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विभाग के विभिन्न अभियंताओं ने अपने विचार साझा किए और तकनीकी चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की। उन्होंने एकीकृत बिहार राज्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कई अहम योगदान दिए। कार्यक्रम का संचालन अनुसवेक बृजेश कुमार मिश्रा ने किया। मौके पर अरुण मेहता, राजेश कुजूर, प्रशांत पांडेय, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार, विवेकानंद कुमार, राहुल कुमार, ओमकार कुमार, मुस्तकीम अंसारी, पीयूष रंजन, दीपक कुमार मेहता, मंगल मिंज समेत कई संवेदक मौजूद थे।

## सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा संकुल प्रांगण में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के बैनर तले आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजीबूल आरफिन, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार,पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गाया। इसके पूर्व समिति के द्वारा गुलदस्ता व अंग वस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संकुल के सभी कैडर को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं पांच ग्राम संगठन को बेहतर कार्य हेतू सम्मानित किया गया।

## ओज ग्राम में जितिया जतरा मेला में आर्केस्ट्रा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातू टोला में पारंपरिक जितिया जतरा मेला में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बालूमाथ प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम, विशिष्ट अतिथि गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव, पदुम यादव, शंभू साव, सतनारायण प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, विनोद गंझू, खेमलाल गंझू, शीतल अमरवाडीह पिकेट पुलिस मुख्तार अंसारी आदि ने सामूहिक रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम उद्घाटन से पूर्व मंचासीन अतिथियों को समिति की ओर से फूल माला गुलदस्ता एवं शौल ओढ़कर भव्य सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के कोने-कोने से आए नागपुरी कलाकार ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत नृत्य प्रस्तुत किए। जिनकी प्रस्तुति देखकर दर्शकों का मन मोह लिया। बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से जितिया जतरा मेला मनाया गया। जतरा मेला के अध्यक्ष लालू गंझू, सचिव प्रीतम साव, कोषाध्यक्ष हरिनंदन प्रसाद, संरक्षक उप प्रमुख कामेश्वर राम, अनिल प्रसाद, मंच संचालक दुर्गा उरांव, मीडिया प्रभारी पवन कुमार, उपाध्याय झमन गंझू, उपसचिव देवानंद गंझू, संयोजक बहादुर गंझू के साथ-साथ कई सदस्यों ने इस कार्यक्रम को लेकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### पिंडारकोम ग्राम में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

## गेरेंजा ने पिंडरकॉम को हराकर जीत हासिल की

**नवीन मेल संवाददाता**




**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत पिंडरकोम ग्राम में आयोजित पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें फाइनल गेंरेंजा एवं पिंडारकोम के बीच खेली गई। दोनों टीमों ने बहुत अच्छी खेल का प्रदर्शन किया जो पीनाल्टी शूटआउट में गेरेंजा की टीम पिंडारकोम की टीम को हरा कर 5-4 से विजय रही। मौके पर उपस्थित अतिथि राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रखंड प्रतिनिधि लक्ष्मण कुशवाहा, पंचायत की मुखिया विमला देवी, सीसीएल मैनेजर आर के बेहरा समाजसेवी सुरेश उरांव के हाथों विजेता की टीम गैरेजा को 21,000 का चेक, बड़ा शील्ड, मेडल दिया गया। वहीं उप विजेता पिंडारकोम की टीम को द्वितीय पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार फुलबसिया एवं चतुर्थ पुरस्कार चमरेगा की टीम को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज उपेंद्र यादव को दी गई।

### नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब जर्जर, मरम्मत की मांग

# बीडीओ ने मुखिया को दिए दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रसिद्ध नगर भगवती मंदिर के समीप स्थित नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब की स्थिति जर्जर हो गई है। छठ पर्व नजदीक होने के कारण ग्रामीणों ने इसकी शीघ्र मरम्मत की मांग की है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज छठ घाट पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उन्हें तालाब की खराब हालत से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब पूरे गांव का एकमात्र छठ घाट है और पर्व से पूर्व इसकी मरम्मत अति आवश्यक है। रवि राज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी बातों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और घाट की मरम्मत करवाई जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद से मुलाकात की और मामले की जानकारी दी। बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चकला पंचायत की मुखिया को दूरभाष पर घाट को दुरुस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुखिया रंजीता एक्का ने छठ तालाब को दुरुस्त करवाने पर पहल करने की बात कही। मौके पर कृष्णा कुमार,टिंकू वर्मा, राहुल नायक समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार सोमवार को संस्कृति बोध परियोजना अंतर्गत अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रमुख दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपनी मौलिकता, अभिव्यक्ति एवं लेखन कौशल का परिचय देते हुए निबंध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कला, चिंतनशीलता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी आचार्य दीदी जी का योगदान रहा।


PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA, CHATRA (JHARKHAND)

WALK- IN- INTERVIEW

Walk-in interview for Coaches to give coaching to students in the games namely, Football, Basketball & Volleyball is arranged on 20.09.2025 (Saturday) at 11.00 AM at JNV,Chatra.

Coaches are required to conduct 04 sessions per week (04 days in a week), totaling 16 sessions per month. Coaches will be paid Rs. 20000/-(Twenty Thousand Only) per month. Duration for Football coach will be for 05 months, for Basketball coach will be 03 months and for that of Volleyball coach will be 02 months.

Essential Qualifications.

01. He/She must be graduate in Physical Education/Sport Diploma/ Diploma in sports coaching.
02. He/She should be good enough in his specialized games.
03. Preference will be given to experienced candidates and their level of play.

PRINCIPAL
JNV,Chatra

PR 361958 (School Education and Literacy)25-26*D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 19/09/2025 दिन शुक्रवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. | SFO | 100 | 10th | 18-28 | 12,770/- + Incentive | Palamu, Garhwa, Latehar |
| 2 | ASK HR Solution :- Modern Automotive Ltd. | Machine Operator | 50 | 10th & ITI | 18-35 | 24,752/- | Sirhind, Near Ambala, Punjab |
| | | Associate | 50 | 12th & ITI | 18-35 | 25,792/- | |
| | | Associate | 50 | 12th & Diploma | 18-35 | 28,000/- | |
| 3 | Aatmasamman Foundation | Packer | 20 | 10th | 18-30 | 20,000/- | Banglore |
| 4 | SIS Ltd. Belchampa, Garhwa | Sec. Guard | 100 | 10th | 19-40 | 14000-27000/- | All India |
| | | SISCO/ SLV | 50 | 10th | 18-45 | 14000-27000/- | |
| | | D.H. | 50 | 10th | 18-45 | 14000-27000/- | |

जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 362052 District (25-26)_D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा।
(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन SPOT ROUND काउन्सिलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

निदेशालय पत्रांक–1302, दिनांक–12.09.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों First Come First Serve Basis पर पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का **दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 तक** SPOT ROUND Online Admission लिया जाएगा।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–
क) ) पलम्बर एवं वेल्डर व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

Time Schedule for SPOT Round of online Couselling & Admission

| Sl. No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| 1 | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | 15.09.2025 | 30.09.2025 |

विभन्न व्यवसायों में रिक्ट सीट निम्न प्रकार से है:–

| Sl. No. | Institute | Trade | Total Seat | Total Filled Seat | Total Vacant Seat | Vacant SC | Vacant ST | Vacant BC-I | Vacant BC-II | Vacant General | Vacant EWS | Vacant SMQ | Vacant PH |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt ITI LOHARDAGA | Electrician | 40 | 39 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | | Electronics Mechanic | 24 | 22 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | | Fitter | 40 | 38 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | | Machinist | 20 | 12 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 5 | | Mechanic Diesel | 24 | 22 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 6 | | Mechanic Motor Vehicle (MMV) | 24 | 18 | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 7 | | Plumber | 24 | 7 | 17 | 1 | 8 | 0 | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 8 | | Turner | 20 | 15 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 |
| 9 | | Welder | 20 | 6 | 14 | 1 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2 | 1 | 1 |

2. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–638, दिनांक–07.05.2025 एवं पत्रांक–639, दिनांक–07.05.2025 के अनुसार यथावत् रहेगी।

ह0/–
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा, लोहरदगा।

PR 361929 (Lohardaga) 25-26 (D)

## न्यूज बॉक्स

### कुडू-कैरो मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़ आवागमन रही बाधित



**कुडू।** मॉनसून ट्रफ के असर से हो रही लगातार बारिश के बीच सोमवार तड़के करीब 5 बजे कुडू–कैरो पथ पर सिंजो व दोबा गांव के बीच उमरी के समीप एक विशाल आम का पेड़ सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सड़क जाम होने के कारण स्कूली बसें भी बीच रास्ते से लौटने को मजबूर हो गईं। बच्चों को स्कूल नहीं जा पाने से अभिभावक परेशान दिखे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से लोग प्रशासनिक मदद का इंतजार कर रहे थे, लेकिन सुबह 8 बजे तक कोई भी प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं पहुंचा था। घंटो मेहनत के बाद ग्रामीणों ने पेड़ हटाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**कैरो।** कैरो थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया सभी पंडाल से दस भोलेंटियार नियुक्त करें जो हमेशा तत्पर रहें। उनका नाम प्रशासन को भी मुहैया उपलब्ध करा दें। सभी जगह से चार- पांच तैराक भी चाहिए जो मूर्ति विसर्जन के समय जलाशय के पास उपलब्ध रहें। इसके आलावा विवादित गाने नहीं बजाने, सभी पंडालों में यथासम्भव सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात कही गई। इस मौके पर सीओ कुमारी शीला उरांव,बीडीओ छन्दा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी,एसआई मनोज कुमार गुप्ता,नजीर आलम खान व पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

### अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। अखिल भारतीय योजनानुसार 11वीं व 12वीं के भैया - बहनों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। 11वीं व 12वीं के भैया - बहनों के लिए " महाकुम्भ राष्ट्रीय एकता का प्रतिक पर्व " पर 1000 शब्दों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। भैया - बहनों ने शांतिपूर्ण तरीके से निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें से पांच सर्वश्रेष्ठ निबंध को प्रान्त प्रेषित किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य बिपिन कुमार दास व सभी आचार्य दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता संपन्न



**लोहरदगा।** विद्या भारती के तत्वावधान में सोमवार को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से लेकर कक्षा दशम तक के भैया- बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय बाल वर्ग महाकुंभ का पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व, किशोर वर्ग महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन था। जिस पर भैया -बहनों ने अपनी सृजनात्मकता, भाषा-शैली और विचारों की गहराई को प्रस्तुत किया। भैया-बहनों ने सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रकट करते हुए श्रेष्ठ लेखन कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निबंध लेखन में मौलिकता व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाए रखने का संदेश दिया। निर्णायक मंडली विद्या भारती समिति रांची द्वारा श्रेष्ठ निबंधों का चयन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहन को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार अखिल भारतीय स्तर पर प्रदान की जाएगी। इस तरह विद्यालय स्तरीय अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने साहित्यिक प्रतिभा के साथ-साथ राष्ट्रीय चेतना का भी परिचय दिया।

### मांताओं ने बच्चों की लंबी उम्र के लिए की जितिया पर्व

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में पुत्र-पुत्रियों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का किया गया।जीवित्पुत्रिका व्रत को लोग जितिया के नाम से जानते हैं। प्रखंड़ क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में धूम धाम से मनाया जीवित्पुत्रिका का पर्व गया। जीवित्पुत्रिका पर्व पर व्रती महिला माताएं सुबह से ही दिन भर निर्जला उपवास रख कर पूजा अर्चना की तैयारी की वही शाम को विधिवत गांव के पहान पुजार और महतो के द्वारा पीपल की डाली लाया गया। जिसे लोगों ने अपने घर के आंगन में और अखाड़ा में रख कर फल, फूल, अक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य अर्पण कर भक्ति भाव से जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजा अर्चना किया गया। मुख्य रूप से जीवित्पुत्रिका का व्रत माताओं द्वारा अपने संतानों की लम्बी उम्र सुख समृद्धि के लिये किया जाता है।पुराणों के अनुसार कहा जाता है। कलयुग में संतानों की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि के लिये जीवित्पुत्रिका व्रत सबसे उत्तम व्रत में से एक है। जिसे माताओं द्वारा विधि विधान के साथ अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत करने से संतान को लंबी उम्र और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। जिसे आचार्य व पुरोहितों द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का विधिवत पूजा अर्चना कराने के उपरांत सभी व्रति माताओं को जीवित्पुत्रिका का कथा को श्रवण कराया।

### अंतिम व्यक्ति का उत्थाना भाजपा का लक्ष्य : अमित सिंह



**लोहरदगा।** भाजपा लोहरदगा की बैठक भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा युवा के पूर्व अध्यक्ष सह पाकुड़ जिला प्रभारी अमित सिंह उपस्थित रहे। मौके में अमित सिंह ने मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के संयोजक सह संयोजक को आगामी कार्यक्रम पंडित दीनदयाल जी की जयंती के लिए निर्देश देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर परिस्थिति में कार्य करना जानते है। हमेशा चुनावी प्रक्रिया के लिए तैयार रहते है। भाजपा एक ही लक्ष्य के साथ कार्य करती है वो ही अंतिम व्यक्ति तक का विकास। सभी कार्यकर्ताओ को कहा की पंडित दीनदयाल जी की जयंती बूथों तक मनाने का कार्य करें ताकि भाजपा आने वाले समय में और भी सशक्त और मजबूती के साथ आम जनता की आवाज बन कर सामने आए। वही मौके में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की भ्रष्टाचार,कुशासन, अत्याचार और वंशवाद के अंत का संकल्प लेकर सेवा,सुशासन और विकास को अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता सदैव बूथो में कार्य करते रहते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के माध्यम से रक्तदान, स्वच्छता, विचार गोष्टी एवं स्वास्थ जांच शिविर मंडल स्तर पर लगाए जाएंगे। मौके पर नवीन टिंकू, अनिल उरांव, मिथुन तमेडा, धीरज प्रसाद, विवेक चौहान, सचिन सिंघानिया, राजकुमार मुंडा,रामखेलावन राम, चंद्रशेखर साहू, अशोक काँस्याकार,दिनेश साहु, दशरथ साहु उपस्थित थे।

#### पंचाइत कर गोइठ कार्यक्रम में बोले उपायुक्त डॉ ताराचंद

# आयुष्मान कार्ड बनने से 15 लाख तक का सालाना इलाज निःशुल्क

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सोमवार को साप्ताहिक जनसमाधान संवाद कार्यक्रम "पंचाइत कर गोइठ" में जिला के मुखियाजनों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद स्थापित किया। उपायुक्त ने बताया कि अभी सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित किया जा रहा है। कोई भी राशनकार्डधारी अपना आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड के जरिए प्रति परिवार 15 लाख रूपये तक का सालाना ईलाज निःशुल्क कराया जा रहा है। यह निःशुल्क ईलाज आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पतालों में ही किया जाएगा।कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि पंचायत भवन में नियमित रूप से बैठक की जाए। पंचायत भवन में श्रमिकों के पलायन संबंधी पंजी और जैव विविधता संबंधी पंजी का संधारण करें। श्रम अधीक्षक को ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का निबंधन कराये जाने का निर्देश दिया गया। मुखियाजनों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। डायन प्रथा और बाल विवाह उन्मूलन के लिए नियमित रूप से बैठक करने व लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा को सिंगल विलेज स्कीम को प्रारंभ कराने व उन योजनाओं का सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया गया।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व मुखियागण उपस्थित थे।

**डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट :** उपायुक्त ने कहा कि पेंशनधारकों को प्रत्येक वर्ष जीवन प्रमाण-पत्र बनवाना अनिवार्य है। ऐसे में केंद्र प्रायोजित पेंशन योजना के पेंशनधारकों के डिजिटल प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया प्रारंभ है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के पेंशन धारी अपने पंचायत सचिव से संपर्क कर सकते हैं। वहीं नगर क्षेत्र के लाभुक अंचल अधिकारी, लोहरदगा सदर के कार्यालय में संपर्क करें। सभी मुखिया इसमें अपना सहयोग दें और ऐसे लाभुकों को प्रेरित करें।

**पंचायतों में उपलब्ध हों सभी तरह के हेल्पलाईन नंबर :** सभी मुखिया को अपने-अपने पंचायत भवन विभिन्न तरह के हेल्पलाईन नंबर जैसे पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर को वॉल पेंटिंग के जरिए डिसप्लें कराने का निर्देश दिया गया ताकि लोग जागरुक हो सकें। अगर आपके क्षेत्र में किसी किसान का पशु बीमार है तो टॉल फ्री नंबर 1962 पर इसकी जानकारी दे सकते हैं।

**30 सितंबर तक हो सकेगा पीएमएफबीवाई में रजिस्ट्रेशन :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) अंतर्गत किसानों के निबंधन की तिथि बढ़ा कर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई है। जो किसान अभी भी अपने फसल का बीमा नहीं कराए हैं वे इस अवसर का फायदा उठाते हुए अपना निबंधन पीएमएफबीवाई में अवश्य करा लें।

**गांवों में ग्राम शिक्षा समिति का करें गठन :** उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा का सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आप सभी मुखिया अपने पंचायत अंतर्गत गांवों में ग्राम शिक्षा समिति का गठन कर लें ताकि समिति अंतर्गत निर्धारित कार्यों के लिए होनेवाली आवश्यक बैठकों में आप शामिल हो सकें।

**लाभुकों का ग्रामसभा में करें चयन :** उपायुक्त ने कहा कि पशुपालन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लाभुकों का चयन किया जाना है। यह चयन सिर्फ ग्रामसभा के माध्यम से ही किया जाएगा।

### जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र बना खतरे की वजह, नौनिहाल पढ़ाई के लिए मजबूर



**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत चुरकु महुवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र वर्षों पुराना व जर्जर अवस्था में पहुँच गया है। साल 1990 ईस्वी में निर्मित यह आंगनबाड़ी भवन अब नन्हें-मुन्नें नौनिहाल बच्चों के लिए खतरा बन चुका है। ग्रामीण महिला-पुरुष, जैसे राजेश उरांव, करमी देवी, विकास उरांव, डहरु उरांव, संतोष उरांव, शांति देवी, गीता उराइन, अशोक उरांव, सितामुनी उराइन सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे-छात्राएं इस जर्जर भवन में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कहीं भी दीवारें गिरने का खतरा बना रहता है। चुरकु महुवाटोली आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका ने बताया कि विभाग को मासिक बैठक में लिखित व मौखिक रूप से बार-बार सूचना देने के बावजूद नवनिर्माण हेतु कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सेविका ने यह भी कहा कि बच्चे और स्वयं सेविका व सहायिका भी भवन की खराब स्थिति के चलते भयभीत रहते हैं। वहीं, प्रखंड क्षेत्र में ऐसे कई आंगनबाड़ी भवन हैं, जो वर्षों पुराने व जर्जर अवस्था में होने के कारण नवनिहाल बच्चों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। जल्द से जल्द नया भवन निर्माण की कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो भविष्य में अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### मामूली विवाद में विवाहिता महिला ने कीटनाशक खाया, अस्पताल में भर्ती

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के आकाशी गांव में सोमवार को घर में हुई मामूली बात को लेकर विवाहिता महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। कीटनाशक के सेवन के बाद विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है। विवाहिता द्वारा कीटनाशक खाने की जानकारी मिलते ही स्वजनों द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि आकाशी गांव निवासी सतीश राम की पत्नी निभा देवी उम्र 22 वर्ष जिउतिया व्रत की थी। सोमवार को घर में जिउतिया अनुष्ठान में गाड़न नहीं मिलने से नाराज होकर घर में खेती के लिए रखा कीटनाशक का सेवन कर ली। इससे उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई है।

# अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** न्यू पुलिस लाइन परिसर में सोमवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आगजनी जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित, प्रभावी और सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना तथा उन्हें जागरूक बनाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन विभाग के प्रभारी मोहम्मद शौकत अली एवं सार्जेंट मेजर शेरु रंजन ने किया। उनके साथ अग्निशमनकर्मी अभिजीत कुमार वर्मा एवं गोपी यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अभ्यास के दौरान प्रायोगिक तौर पर गैस सिलेंडर, पेट्रोल में आग लगाकर आपातकालीन स्थिति उत्पन्न की गई और उससे निपटने के उपायों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। अग्निशमनकर्मियों ने कर्मचारियों को आग बुझाने के विभिन्न आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। साथ ही सुरक्षित निकासी और मौके पर उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों को प्रत्यक्ष रूप से चलाकर देखा और उनसे संबंधित तकनीकी सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने माना कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल व्यवहारिक अनुभव मिलता है, बल्कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में बिना घबराए उचित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है। अग्निशमन विभाग के प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने बताया कि मॉक ड्रिल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अक्सर आपदा की स्थिति में लोग घबराहट में गलत फैसले ले बैठते हैं, लेकिन इस प्रकार के प्रशिक्षण से वे न केवल सजग होते हैं बल्कि सही समय पर सही कदम उठाने में भी सक्षम होते हैं।

#### पूर्व सांसद पहुंचे महुआडांड, संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

# जनता की सेवा व क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर : धीरज साहू



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा/लातेहार।** लातेहार जिला के महुआडांड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान में शामिल होने पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू जहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रवेक्षक सह महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री सुनील केदार, जयशंकर पाठक,मणिका विधायक रामचंद्र सिंह, इस्तेखार अहमद, रविन्द्र राम, अभय मिंज, सकलदीप उरांव उपस्थित थे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों के बीच अहम चर्चा हुई। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी ने जो परिपाटी तैयार की है उससे अंतिम व्यक्ति तक को संगठन के मुखिया बनने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम सभी पदाधिकारी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से संघर्ष करती आई है और आजादी में भी इसका बहुमूल्य योगदान रहा है। लेकिन दूसरी ओर भाजपा जैसी पार्टी ने आजादी के 50 साल बाद तक देश के लिए नहीं सोचा। आज वह देशवासियों को देशभक्ति का पाठ सीखा रही है। आज वह समय आ गया है जब हम सभी कांग्रेस के सिपाहियों को अपनी एकता का परिचय देते हुए आने वाले लोकसभा के चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करनी होगी। अपने नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। जिससे देश में विकास की गति और भी तेज हो सके। उन्होंने कहा कि में जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर हूँ,हर सुख दुख में मै आपके साथ खड़ा हूँ।

#### शहीद हवलदार अब्दुल हमीद नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल समापन

# युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने का एक सशक्त मंच है खेल : एसपी



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू–लोहरदगा।** कुडू के टाटी हामिद नगर स्थित संत विनोबा भावे स्टेडियम में सोमवार की शाम राष्ट्रीय गान एवं देशभक्ति गीतों के बीच पांच दिवसीय चौथा शहीद हवलदार वीर अब्दुल हमीद नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिले के पुलिस कप्तान सादिक़ अहमद रिज़वी , वहीं संरक्षक के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान, जेएमएम जिला अध्यक्ष मोज़म्मिल अंसारी, मोजिबुल रहमान बब्लू, रवि कुमार उपस्थित रहे। एसपी श्री रिज़वी द्वारा खिलाड़ीयो का परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ हुआ। फाइनल में भिड़ंत हुई चिता इलेवन खलारी और यंग हिरानाथपुर मुरुमगढा के बीच। शुरू से ही दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमो ने आक्रामक रुख अपनाते हुए गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन निर्णायक क्षणों में यंग हिराथपुर ने शानदार गोल दागकर बढ़त बनाई और अंत तक उसे बरकरार रखा और खिताब अपने नाम कर लिया। अंत मे फाइनल मुकाबले के विजेता को अतिथियों द्वारा आकर्षक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से नवाजा गया, वहीं उपविजेता टीमो को भी शील्ड व पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस कप्तान श्री रिज़वी ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को खेलकूद के प्रति प्रेरित करते हैं और समाज में आपसी भाईचारा व ऊर्जा का संचार करते हैं। उंन्होने कहा कि मुझे काफी खुशी हुई कि यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने का माध्यम है बल्कि शहीदों के बलिदान को याद करने और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने का एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने शहीद हवलदार अब्दुल हमीद के शौर्य और देश के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए युवाओं से प्रेरणा लेने की अपील की। आयोजक बिंदास क्लब टाटी की सराहना की और शहीद हवलदार अब्दुल हमीद के बलिदान को नमन करते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। युवाओं को नशे से दूर रहने की बात कही। मौके पर अध्यक्ष फ़ारूक़ अहमद, सबरेज़ आलम, हाजी साबिर अहमद, कंवर लाल खान, सचिव आफताब आलम, साजिद खान उर्फ धंनु, धनु खान, सलीम पांडु, रौशन ठाकुर, इस दौरान खचाखच भरे स्टेडियम में दर्शकों ने जोरदार उत्साह और तालियों के बीच खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।


झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग, भूतत्व निदेशालय
अभियंत्रण छात्रावास, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची

शुद्धि पत्र

खनिज बाहुल्य झारखंड राज्य में **Skill Development** (कौशल विकास) अन्तर्गत राज्य स्वीकृत योजना के तहत झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों से भू–गर्भ शास्त्र में पिछले शैक्षणिक सत्र **(Last Academic Session)** में स्नातकोतर **(M.Sc. Geology)** उतीर्ण स्वच्छ चरित्र के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं भूतात्विक कार्य में सहयोग हेतु अधिक से अधिक 6 (छः) माह तक वजीफा **(Stipend)** पर रखे जाने से संबंधित सूचना विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में PR No-359782 के माध्यम से दिनांक 20.08.2025 को प्रकाशित किया गया था।

उक्त सूचना को संबंधित विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभागाध्यक्ष से अग्रसारित कराते हुए बंद लिफाफा में दिनांक **15-09-2025** तक भूतत्व निदेशालय, अभियंत्रण छात्रावास, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची में जमा किया जाना था जिसे अपरिहार्य कारणो से अवधि विस्तार करते हुए दिनांक **08.10.2025** तक विद्यार्थियों द्वारा आवेदन जमा किया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अर्हता विहित प्रपत्र विभागीय **Website:-http://www.jharkhand.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
(कुमार अमिताभ)
निदेशक, भूतत्व

PR 362025 (Mines and Geology) 25-26 (D)



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू
Office e-mail id- itibishrampur@gmail.com

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना

01 झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 1302, दिनांक– 12.09.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

02 **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**(क) **वेल्डर, एवं प्लम्बर व्यवसाय** के लिए आठवाँ उत्तीर्ण /10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

03 **महत्वपूर्ण तिथियाँ :–**

Time schedule for SPOT Round of online counseling & Admission

| Sl no. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 01 | SPOT Round online Admission ( Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | 15/09/2025 to 30/09/2025 |

04. दिनांक– 15.09.2025 से 30.09.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में **SPOT Round of online Admission** लिया जाएगा। **SPOT Round of online Admission** के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय /सीट का आबंटन कर नामांकन लिया जाएगा। जो भी छात्र/छात्रा (https://iti.jharkhand.gov.in) Website Portal पर पूर्व से निबंधित है। उन्ही अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू द्वारा नामांकन लिया जाएगा।

रिक्त सीट विवरणी–

| क्रम सं0 | व्यवसाय | कुल सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | पलम्बर | 48 | 43 |
| 02 | वेल्डर (SCVT) | 40 | 36 |

प्रभारी प्राचार्य,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू

PR 361985 (District)25-26*D



समाहरणालय, गढ़वा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
आम–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला स्तर से राज्य स्तर तक प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिस निमित्त गढ़वा जिला में दिनांक–18.09.2025 से 19.09.2025 को निम्नांकित विवरणी के अनुसार चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है:–

| क्र0 | खेल विधा का नाम | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर चयन किये जाने वालें निर्धारित प्रशिक्षुओं की संख्या | | सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकल्व्य केन्द्र) में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर चयन किये जाने वालें निर्धारित प्रशिक्षुओं की संख्या | | आयोजन की तिथि एवं समय | आयोजन स्थल | आवश्यक सहयोग हेतु संपर्क सूत्र/मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | | | |
| 01 | फुटबॉल | 06 | 05 | 01 | 02 | दिनांक 18.09.2025 पूर्वा0 07:00 बजे से दिनांक 19.09.2025 (अप0) तक | फुटबॉल स्टेडियम, गढ़वा | श्रीमती परनीता तिर्की 9798687638 |
| 02 | बैडमिंटन | 01 | 04 | 02 | 03 | | दिशोम गुरू शिबु सोरेन इंडोर स्टेडियम गढ़वा | श्री प्रभात रंजन तिवारी 7717796363 |
| 03 | एथलेटिक्स | 03 | 01 | 00 | 00 | | रामासाहु आउटडोर स्टेडियम, गढ़वा | श्री अभिषेक कुमार 7004100067 |
| 04 | कबड्डी | 00 | 01 | 00 | 00 | | | श्री रामा शंकर सिंह 9122447129 |
| 05 | कुश्ती | 01 | 00 | 01 | 01 | | रामासाहु इंडोर स्टेडियम, गढ़वा | श्री शैलेन्द्र कुमार पाठक 8789023695 |

आयोजन से संबंधित दिशा–निर्देश
1. आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 10 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्श 2025–26 के 01 अप्रैल को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स (एकल्व्य केन्द्र) में प्रवेश हेतु संबंधित चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 16 से 22 वर्श के बीच होनी चाहिए। (उम्र सीमा की गणना वित्तीय वर्श 2025–26 के 01 अप्रैल को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 22 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी)
3. जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं दो अद्यतन पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. सभी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवश्यक खेल किट के साथ उपस्थित होंगे।
5. खिलाड़ियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर होगी।
6. प्रतिभागी खिलाड़ी आयोजन स्थल पर आवेदन प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
7. इच्छुक खिलाड़ी जिला खेल कार्यालय, गढ़वा या जिले के आधिकारीक वेबासाईट से www.garhwa.nic.in से आवेदन प्रपत्र प्राप्त करते हुए आयोजन स्थल पर अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 361982 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26)D

# राष्ट्रीय राजमार्ग व भारतमाला परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा, डीसी ने दिए जरूरी निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिला भू-अर्जन शाखा, गुमला की विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति और प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-23 (पलमा-गुमला), राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-43, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-143 तथा भारतमाला परियोजना के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-23 (पलमा-गुमला) पथ चौड़ीकरण/निर्माण कार्य में रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से जारी है। उपायुक्त ने अधियाची विभाग को 30 सितंबर 2025 तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि भरनो मौजा में अधिग्रहित भूमि पर स्थित तीन मंदिरों में से दो का पुनर्निर्माण हो चुका है, जबकि एक मंदिर ग्रामीणों की सहमति न बनने के कारण लंबित है। उपायुक्त ने



निर्देश दिया कि ग्रामीणों से संवाद कर शीघ्र सहमति बनाई जाए और मंदिर निर्माण पूरा किया जाए। साथ ही भरनो ब्लॉक चौक सहित सभी आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने का आदेश दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-43 में भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। अब तक 61.39 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसमें से 25.61 करोड़ रुपये प्रभावित रैयतों को भुगतान किया जा चुका है। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-143 पथ चौड़ीकरण/निर्माण योजना के तहत कामडारा प्रखंड के 16 और बसिया प्रखंड के 8 ग्राम प्रभावित हो रहे हैं। इस योजना में 41.24 करोड़ रुपये की मांग अधियाची विभाग से की गई है। राशि प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बैठक में राज्य सरकार की 12 पथ चौड़ीकरण/निर्माण योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा हुई। इसमें सिसई-बसिया पथ योजना एवं डुमरी से बड़ा कटरा (छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक) पथ योजना में अलाइनमेंट सुधार से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधियाची विभाग को निर्देश दिया कि त्रुटियों का शीघ्र निराकरण कर आवश्यक संचिका जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने एनएचएआई और कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि जिले के सभी संवेदनशील मार्गों और चौक-चौराहों पर उचित साइनबोर्ड सुनिश्चित किए जाएँ। साथ ही भू-अर्जन पदाधिकारी को आदेश दिया गया कि भारतमाला परियोजना अंतर्गत शेष रैयतों के मामलों का त्वरित निपटारा कर शीघ्र मुआवजा वितरण किया जाए। एनएच-43 में प्रभावित ग्रामों के भूमि जाँच प्रतिवेदन संबंधित अंचलाधिकारियों से प्राप्त कर भुगतान की प्रक्रिया तेज करने तथा रैयतों की आपत्तियों का समयबद्ध निराकरण करने का भी सख्त निर्देश दिया गया।

## विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए उपायुक्त ने दी समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने की सख्त हिदायत

**गुमला।** जिले में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने को लेकर सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्युत विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत जिले के 271 ग्राम/टोला में विद्युतीकरण किया जाना है। अब तक 23 ग्राम/टोला में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि सितंबर में 40, अक्टूबर में 40 और नवंबर में 40 ग्राम/टोला का विद्युतीकरण पूरा करने का निर्देश एजेंसियों को दिया गया है। शेष कार्य फरवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से लगभग 8,000 घरों को बिजली से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 2407 घरों में बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। अब तक 854 घरों में विद्युतीकरण कार्य संपन्न हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत विशेष रूप से पीवीटीजी परिवारों और दुर्गम क्षेत्रों में कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आदिवासी परिवारों को भी नियमित और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सितंबर तक 20, अक्टूबर में 30 और नवंबर तक शेष 116 ग्राम/टोला में कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यान्वयन एजेंसियों को समयबद्ध लक्ष्य हासिल करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की सख्त चेतावनी दी।

## गुमला में मनाई जाएगी श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की 138वीं जयंती

**गुमला।** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी की 138वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार, 16 सितंबर को महामहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सत्संग उपासना केंद्र गुमला की ओर से डीएसपी रोड स्थित उपासना केंद्र के स्वजान्य से रौनियर भवन, गुमला में किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य राजेश लोहानी ने बताया कि सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने जिलेवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। लोहानी ने कहा कि भारत के सभी श्रीमंदिरों एवं केंद्रों में एक साथ यह महामहोत्सव मनाया जा रहा है। मानव-त्राता श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र चक्रवर्ती का अवतरण वर्ष 1888 में आधुनिक बांग्लादेश के पावना जिले के हिमायतपुर ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवचंद्र चक्रवर्ती और माता का नाम मनमोहिनी देवी था। बचपन से ही उनमें दिव्यता और आध्यात्मिक चेतना के लक्षण परिलक्षित होते थे। कहा जाता है कि जब माता ने सद्गुरु के निर्देश पर उन्हें सतनाम प्रदान किया, तो उन्होंने कहा था – “यह मंत्र तो मैं गर्भ से ही जप रहा हूं।” श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के दिव्यभाव और वाणियों ने लाखों लोगों को प्रभावित किया।

# न्यूज बॉक्स

## अवैध बालू खनन के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोला, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**डुमरी।** डुमरी पतराटोली की महिलाओं ने बासा नदी से हो रहे अवैध बालू खनन को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पूर्व मुखिया पुष्पा टोप्पो के नेतृत्व में इन महिलाओं ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी को एक लिखित आवेदन सौंपा।आवेदन में महिलाओं ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा, जो श्रीराम उरांव का था। महिलाओं को देखकर ड्राइवर और लेबर गाड़ी छोड़कर भाग गए। महिलाओं ने दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं आया, तो उन्होंने ट्रैक्टर से बालू गिरा दिया और बेलचा तथा कुदाल को अपने साथ गांव ले आईं। उनका उद्देश्य था कि श्रीराम उनसे मिलकर अपना सामान ले जाए।इस घटना के बाद, श्रीराम उरांव ने डुमरी थाने में बेलचा चोरी का मामला दर्ज कराया। इसके परिणामस्वरूप, रविवार, 14 सितंबर को डुमरी थाना प्रभारी पतराटोली गांव पहुंचे और महिलाओं को धमकी दी कि अगर उन्होंने शाम तक बेलचा और कुदाल वापस नहीं किया, तो केस को आगे बढ़ाया जाएगा।इस पूरे मामले पर बीडीओ सह सीओ उमेश कुमार स्वांसी ने कहा कि थाना प्रभारी को ऐसा नहीं कहना चाहिए था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर बालू का उठाव प्रखंड में चल रही सरकारी योजनाओं के लिए किया जा रहा है, तो यह सही है, लेकिन अगर यह किसी अन्य कार्य के लिए हो रहा है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने वाली महिलाओं में सरोज कुजूर, अंचल टोप्पो, निर्मला किस्पोट्टा, सबीना टोप्पो, अलीशा किस्पोट्टा, अंजू टोप्पो, किरण टोप्पो, पुष्पा कुजूर, नेमहा मिंज और किरण टोप्पो सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं। महिलाओं का यह कदम क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ उनकी मजबूत एकजुटता को दर्शाता है।

## कीटनाशक सेवन से तेले उरांव की मौत

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के बदरी करमटोली गांव में रविवार की रात एक दर्दनाक घटना घटित हुई, जहां तेले उरांव (40) ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान गुमला सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी बकली देवी ने बताया कि रविवार की रात उसका पति शराब के नशे में घर आया था और गाली-गलौज करने लगा। इससे आहत होकर वह दूसरे कमरे में सोने चली गई। सोमवार सुबह करीब 4 बजे पति की चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वह पहुंची तो तेले उरांव ने बताया कि उसने धान में डालने वाला कीटनाशक दवा खा लिया है और उसकी तबीयत बिगड़ रही है। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उसे बोलेरो से गुमला सदर अस्पताल पहुँचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कल से भाजपा का सेवा पखवाड़ा प्रारंभ

**गुमला।** भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवधि में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा समाजहित से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को दोपहर 3 बजे सरना टोली शिव मंदिर के समीप पीएम के जन्मोत्सव के आयोजन से होगी। इसके अगले दिन 18 सितंबर को युवा मोर्चा द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी परिसर में पीएम के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी और पुस्तकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा की भावना पहुंचाना है।

## सड़क हादसे में पिता की मौत से असहाय हुए पांच बच्चे, प्रशासन पहुंचा सहारा देने

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी मोड़ के पास शुक्रवार की रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नवाडीह गांव निवासी प्रकाश उरांव की मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। दो वर्ष पूर्व ही उनकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद पाँच छोटे बच्चों की पूरी जिम्मेदारी पिता पर ही थी। पिता के निधन के बाद बच्चे पूरी तरह असहाय हो गए हैं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अमर कुमार ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बच्चों की शैक्षणिक, पोषण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से शीघ्र लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार करने का निर्देश ग्राम सेवक को दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि बच्चों को किसी भी हाल में उपेक्षित न छोड़ा जाए और उनके भरण-पोषण व देखभाल की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही बाल संरक्षण कोषांग को निर्देशित किया गया है कि सड़क हादसों में माता-पिता को खो चुके बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## बसिया में एनकॉर्ड समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** बसिया अनुमंडल सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी जयवन्ती देवगम की अध्यक्षता में एनकॉर्ड समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बसिया अनुमंडल के तीनों प्रखंड—कामडारा, बसिया और पालकोट के पदाधिकारी, थाना प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि एवं सरकारी-ग़ैर सरकारी विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र में नशे के कारोबार पर रोकथाम और सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अवैध रूप से नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और किसी भी हाल में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि “बच्चों का भविष्य स्कूल से ही आकार लेता है, इसलिए वहीं से उन्हें जागरूक करना आवश्यक है, ताकि उनका आने वाला कल सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।” अनुमंडल पदाधिकारी ने समाज के सभी वर्गों से नशा मुक्ति अभियान में आगे आने की अपील की। साथ ही आम जनता से आग्रह किया कि यदि अनुमंडल क्षेत्र में कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है तो इसकी तुरंत सूचना अनुमंडल कार्यालय को दें। वहीं सड़क सुरक्षा को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पौधरोपण से दिया गया स्वच्छता का संदेश




**गुमला।** स्वच्छता ही सेवा अभियान “स्वच्छोत्सव” के अंतर्गत सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गुमला परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सफाई अभियान, पौधरोपण और स्वच्छता शपथ के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह अभियान पूरे देश में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है। इसी क्रम में गुमला जिले में भी जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता विजय कुमार, कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता, जिला समन्वयक, कनिष्ठ अभियंता एवं सभी कर्मीगण उपस्थित रहे। इस दौरान परिसर की सफाई कर स्वच्छ वातावरण का संकल्प लिया गया। स्वच्छता शपथ के दौरान सभी ने यह वचन दिया कि वे न केवल स्वयं स्वच्छता अपनाएंगे, बल्कि प्लास्टिक एवं कचरे के उचित निस्तारण को सुनिश्चित कर समाज में भी जागरूकता फैलाएंगे।

## भरनो में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**भरनो।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को भरनो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अविनाश कुजूर, इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। सभी पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा पंडालों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। महिला और पुरुष आगंतुकों के लिए अलग-अलग प्रवेश मार्ग बनाने होंगे। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और समिति के सदस्यों की सूची पंडाल के बाहर प्रदर्शित करनी होगी। प्रतिमा विसर्जन पारंपरिक रीति से शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा। वहीं रावण दहन का आयोजन भी शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न होगा।

## नातापोल गांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत के नातापोल गांव में पिछले तीन महीने से चली आ रही बिजली की समस्या अब खत्म हो गई है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के प्रयासों से गांव में 25 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे पूरे गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। इस मौके पर मेरी लकड़ा ने बताया कि उन्हें कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज से नातापोल में बिजली संकट की जानकारी मिली थी। उन्होंने तुरंत बिजली विभाग से बात की और गांव के लिए एक नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद गांव में बिजली आते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया मधुरा मिंज, रोकी बड़ा, अरुण सिंह और अन्य वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।ग्रामीणों ने पारंपरिक गीत गाकर और फूल-मालाएं पहनाकर सभी अतिथियों का सम्मान किया। बिजली आने से गांव के लोगों को काफी राहत मिली है, खासकर विद्यार्थियों और छोटे व्यापारियों को।

## जंगल में जुआ अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई, 3 कार व 11 बाइक जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** गुमला एसपी के निर्देश पर भरनो पुलिस ने रविवार देर शाम थाना क्षेत्र के समसेरा जंगल में जुआ अड्डे पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस की गाड़ी देखते ही सभी जुआड़ी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में सामान बरामद किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 3 कार, 11 मोटरसाइकिल, 6 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल फोन और ताश की गड्डी जप्त की है। सभी जब्त वाहनों को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि जुआ खेलने की गुप्त सूचना गुमला एसपी को मिली थी। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया और समसेरा जंगल में कार्रवाई की गई। जप्त वाहनों के चालक, मालिक समेत 10 अज्ञात जुआरियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अभी जारी है और फरार जुआरियों की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस छापामारी दल में थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के साथ सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, शनि कुमार और भरनो थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## भारी बारिश से घर ढहा एक परिवार बेघर

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के केड़ेगा तेतरटोली गांव में आज हुई मूसलाधार बारिश ने एक परिवार को बेघर कर दिया। गांव के बिरेंद्र कुजूर का कच्चा घर पूरी तरह से ढह गया, जिससे उनका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। घर का सिर्फ एक कमरा ही बचा है, जिसमें किसी तरह से उन्होंने आश्रय लिया है।बारिश का कहर यहीं नहीं थमा। घर में रखा सारा अनाज और घरेलू सामान भीगकर बर्बाद हो गया है, जिससे परिवार के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। इस घटना से बिरेंद्र कुजूर और उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।बिरेंद्र कुजूर ने स्थानीय प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है।उन्होंने जल्द से जल्द आर्थिक मदद और रहने के लिए घर की व्यवस्था करने

## पालकोट पुलिस को बड़ी सफलता, साप्ताहिक बाजार लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार



**गुमला।** पालकोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमडेगा जिले के कुरुशकेल्ला साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों से हुई लूटकांड में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी पालकोट को सूचना मिली थी कि ग्राम कुरुशकेल्ला बाजार में धान, महुआ और लाह बेचने आए व्यापारियों से लाल रंग की मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या-2185) पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर नकदी लूट ली है। सूचना के बाद थाना प्रभारी संतोष कुमार, प्रमोद कुमार तथा सशस्त्र बल की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पालकोट से बिलिंगबीरा जाने वाली पक्की सड़क पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद जैसे ही संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, पुलिस को देखकर पीछे बैठा आरोपी जंगल की ओर फरार हो गया। वहीं, मोटरसाइकिल चला रहे युवक को पुलिस ने धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संश महतो (25 वर्ष), ग्राम सिसई पोसो, जिला गुमला बताया। उसने लूटकांड में शामिल होने की बात स्वीकार की और अपने साथी का नाम ओमप्रकाश महतो (ग्राम सिसई पोसो) बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 10,990 नगद, एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली, एक नकली पिस्तौल तथा होंडा शाइन मोटरसाइकिल बरामद की है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह चौकस है।

## संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा जितिया व्रत



● पूजा-विधि, नियम व महत्व से जुड़ी परंपरा

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुदरा सहित आसपास के गांवों में माताओं ने संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर आस्था और श्रद्धा के साथ जितिया व्रत (ज्योतिपुत्रिका व्रत) रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए भगवान से अपने बच्चों के कल्याण और दीर्घायु की प्रार्थना की। पुरोहित राजकुमार पौराणिक ने पूजा-अर्चना कराते हुए कहा कि जितिया व्रत हिंदू धर्म और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। जिस प्रकार सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए हरितालिका तीज का कठोर व्रत करती हैं, उसी प्रकार माताएं संतान की रक्षा और जीवन से संकट दूर करने के लिए यह व्रत रखती हैं। यह पर्व झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी भारत और नेपाल में बड़े उत्साह और आस्था से मनाया जाता है। मिथिला, कोसी और मगध क्षेत्र में इसकी परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। सप्तमी तिथि को नहाय-खाय के साथ व्रत की शुरुआत होती है। माताएं स्नान कर अरवा चावल, दाल और पारंपरिक व्यंजन ग्रहण करती हैं। अष्टमी को सूर्योदय से अगले दिन तक निर्जला उपवास रखा जाता है। इस दौरान जीवित वाहन (नागराज) की पूजा और “जीतिया महामंत्र” का जाप किया जाता है। नवमी को व्रत का पारण सात्विक भोजन से किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह व्रत जीवपुत्र नागराज की कथा से जुड़ा है, जिन्होंने बलिदान देकर नागकुमार की रक्षा की थी। मान्यता है कि इस व्रत से संतान पर अकाल मृत्यु का संकट टल जाता है और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भर जाता है।


### कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत मेलाटाँड़ डी0आर0डी0ए0 कार्यालय के सामने अवस्थित मार्केट कॉम्पलेक्स में निर्मित सभी दुकानों एवं हॉल का आवंटन खुली डाक के माध्यम से किया जाना है। बन्दोबस्ती अधिकतम डाकवक्ता के द्वारा डाक की गई राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक–16.09.2025 से 03.10.2025 तक कार्यालय अवधि में नगर परिषद्, चतरा कार्यालय से आवेदन शुल्क (प्रति दुकान) 5,000.00 रूपये की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा के नाम से भुगतेय होगा का बैंक ड्राफ्ट जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–03.10.2025 को कार्यालय अवधि तक है। इसके पश्चात आवेदनों पर विचार विमर्श नही किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | दुकान संख्या | न्यूनतम डाक की राशि (प्रति दुकान) | जमानत की राशि (प्रति दुकान) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मार्केट काम्पलेक्स के भूतल में निर्मित दुकान/हॉल | 01 | 4,00,000.00 | 50,000.00 |
| 02 | | Hall-01 | 25,00,000.00 | 50,000.00 |
| 03 | | Hall-02 | 50,00,000.00 | 50,000.00 |
| 04 | मार्केट काम्पलेक्स के प्रथम तल में निर्मित दुकान | 02,03,04 | 4,00,000.00 | 50,000.00 |
| 05 | | 05,06,07,08,09 | 4,60,000.00 | 50,000.00 |
| 06 | | 10,11,12,13,14 | 5,00,000.00 | 50,000.00 |
| 07 | | 15,16,17,18 | 4,00,000.00 | 50,000.00 |
| 08 | मार्केट काम्पलेक्स के द्वितीय तल में निर्मित दुकान | 19 | 4,00,000.00 | 50,000.00 |
| 09 | | 20,21 | 5,00,000.00 | 50,000.00 |
| 10 | | 22,23,24,25,26,27,28,29,30,31 | 4,50,000.00 | 50,000.00 |
| 11 | | 32,33,34,35 | 4,00,000.00 | 50,000.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–07.10.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न।

2. बन्दोबस्ती के नियम एवं शर्तें की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 361969 Urban Development(25-26)D



### कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

आम सूचना (4th Call)

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत मझिऑंव क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित की जाने वाले Urban Health & wellness Centre (Urban Ayushman Arogya Mandir) के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों की चयन हेतु दिनांक 24.09.2025 को कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सको की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियॉं | 01 (एक पद) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगा। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 24.09.2025 को नगर पंचायत मझिऑंव को अपराह्न 02:00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 361979 Urban Development(25-26)#D



### झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, किशनपुर (LWE), चतरा।
Email Id– principalitikishanpur@gmail.com

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0,सी0एस0आर0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

| Time Schedule for SPOT Round of online Counselling & Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No | Activity | Date | |
| | | Date | To |
| 01 | SPOT Round Online Admission (Seat Allotment and Admission for pre Registered Candidates) | 15.09.2025 | 30.09.2025 |

2. दिनांक – 15.09.2025 से 30.09.2025 तक सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में SPOT ROUND Online Admission लिया जाएगा। SPOT ROUND Online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर First Come First Serve Basis पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। उक्त तिथि में Admission Module में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकन लिया जाएगा।

3. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर LWE चतरा का नामांकन कार्य नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में होगा।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
किशनपुर (LWE) चतरा

PR 361923 Labour Employment and Traning(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

शिष्यों की एक मण्डली से: "तुम सबको आपस में उसी प्रकार प्रेम एवं एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए, जिस प्रकार तुमने मेरी सेवा की है। मैं सबका सेवक हूँ।" - श्री श्री परमहंस योगानन्द

## संपादकीय

### मोदी की पूर्वोत्तर यात्रा

प्रधानमंत्री मोदी की तीन पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मणिपुर और असम की यात्रा के दौरान जो घोषणाएं हुईं, वे महत्वपूर्ण तो हैं ही, इन्हें ऐतिहासिक भी कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मई, 2023 में इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 260 लोग मारे गए और तकरीबन 60 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। करीब दो वर्ष पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद राज्य के अपने पहले दौरे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिया गया शांति का संदेश महत्वपूर्ण है। उनका यह कहना कि मणिपुर ही वह भूमि थी, जहां पहली बार भारतीय राष्ट्रीय सेना ने राष्ट्र ध्वज फहराया था, राज्य के गौरवपूर्ण अतीत और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। राज्य को भारत माता के मुकुट का रत्न बताते हुए कुकी बहुल हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित चुराचांदपुर के लिए 7,300 करोड़ रुपये से अधिक और मैतेई बहुल इंफाल के लिए करीब 1,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा कर प्रधानमंत्री ने पीड़ितों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और समूचा देश उनके साथ है। राजनीति में कई फैसले रणनीतिक आधारों पर लिए जाते हैं। पिछले दो वर्षों में मणिपुर का मुद्दा देश के भीतर और बाहर जिस तरह से उठाया गया, वह किसी से छिपा नहीं है। यह भी नहीं भूला जा सकता कि किस तरह यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ, जिसे सरकार ने देश का आंतरिक मामला बताते हुए उचित ही खारिज कर दिया था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मणिपुर में शांति बनी रहे और प्रधानमंत्री मोदी के दौरे ने जो उम्मीदें जगाई हैं, वे पूरी हों। अपनी मिजोरम यात्रा में प्रधानमंत्री ने आठ हजार करोड़ रुपए,से भी अधिक की सैरांग-बैरवी रेल लाइन का शुभारंभ किया है, जो इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। जाहिर है कि इससे मिजोरम के किसान और व्यवसायी देश भर के बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे; कई क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेंगे, सो अलग। असम यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को करीब बारह हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी है, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को यकीनन सहारा देंगी। कुल मिलाकर देखें, तो प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर दौरा केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं, यह एक दृष्टि का प्रतिबिंब है। म्यांमार से हो रही घुसपैठ समेत विभिन्न समूहों के बीच विश्वास बहाली की चुनौतियां बेशक हैं, लेकिन पूर्वोत्तर में प्रधानमंत्री ने शांति के साथ विकास का जो पैगाम दिया है, वह जमीनी स्तर पर दिखे भी, तो यह सबसे बड़ी कामयाबी होगी। राजनीति और सोशल मीडिया पर बहुत बातें कहीं गईं हैं पर पूर्वोत्तर में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।

*अपनी मिजोरम यात्रा में प्रधानमंत्री ने आठ हजार करोड़ रुपए,से भी अधिक की सैरांग-बैरवी रेल लाइन का शुभारंभ किया है, जो इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी।*

# प्रधानमंत्री मोदी का शासन : गुजरात मॉडल से भारतीय मॉडल तक



लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने वाले बहुत ही कम नेताओं ने किसी राज्य में मुख्यमंत्री का दायित्व भी संभाला है। देश के ज्यादातर प्रधानमंत्री 'राष्ट्रीय' स्तर के नेता रहे हैं और उनके पास संघीय स्तर पर काम करने का अनुभव बहुत ही कम रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसके चंद अपवादों में से एक हैं। जब नरेन्द्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने, तो वे अपने साथ गुजरात में एक दशक के राज्य-स्तरीय शासन से विकसित हुए कामकाज के एक नए दर्शन को लेकर आए। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने इस बात को बारीकी से देखा कि योजनाएं अंतिम छोर पर क्यों विफल या सफल होती हैं और फिर एक ऐसे दृष्टिकोण को परिष्कृत किया जिसने उन्हें शासन के केन्द्र में महज नीति-निर्माण के बजाय क्रियान्वयन को रखने वाला पहला प्रधानमंत्री बनाया। बिजली से लेकर बैंकिंग और कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के मामले में, इस दर्शन ने तब से आज तक भारतीय राज्य द्वारा अपने नागरिकों की सेवा करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है। नीतिगत केन्द्रबिंदु के रूप में क्रियान्वयन में नरेन्द्र मोदी के दृढ़ विश्वास को, बिजली क्षेत्र से संबंधित उनके दृष्टिकोण में देखा जा सकता है। गुजरात में, उन्होंने देखा कि गांवों में खंभे और लाइनें तो हैं, लेकिन वास्तव में बिजली नदारद है। इसका समाधान उन्होंने ज्योतिग्राम योजना के रूप में निकाला, जिसके तहत फीडरों को अलग किया गया ताकि घरों को 24 घंटे बिजली मिल सके और खेतों को बिजली का एक निश्चित हिस्सा मिल सके। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिए इस सिद्धांत को आगे बढ़ाया। इस योजना के जरिए 18,374 गांवों को भरोसेमंद तरीके से बिजली उपलब्ध कराई गई। वर्ष 2023 तक आते - आते, बिजली की यही आपूर्ति सामूहिक रूप से 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 29 प्रतिशत का योगदान करने वाले देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रीढ़ बन गई। बैंकिंग क्षेत्र में भी इसी सिद्धांत को फिर से दोहराया गया। कागजों में तो ग्रामीण परिवारों के बैंक में खाते थे, लेकिन व्यवहार में वे निष्क्रिय थे। जन-धन ने इस स्थिति को बदल दिया। आधार और मोबाइल फोन को व्यक्तिगत बैंक खातों से जोड़कर, एक कमजोर पड़ी व्यवस्था को सीधे धन हस्तांतरण की बुनियाद बना दिया गया। इससे धन बिना किसी बिचौलिए के नागरिकों के हाथों में पहुंचा, बर्बादी पर लगाम लगी और सरकारी खजाने को भारी रकम की बचत हुई। इसके बाद आवास क्षेत्र की बारी आई। प्रधानमंत्री आवास योजना ने भुगतान को निर्माण कार्यों से जोड़ा, उनकी निगरानी के लिए जियो-टैगिंग का इस्तेमाल किया और बेहतर डिजाइन पर जोर दिया। पिछली सरकारों के अधूरे घरों के उद्घाटन के चलन को पलटते हुए, पहली बार लाभार्थियों को पूरी तरह निर्मित और रहने लायक घर मिले। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में संघीय प्रणाली गुजरात ने नरेन्द्र मोदी को यह भी दिखाया कि प्रगति किस प्रकार केन्द्र और राज्य के बीच समन्वय पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, यह सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद का दर्शन बन गया। दशकों से अटके पड़े वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को राज्यों के साथ आम सहमति बनाकर पारित किया गया। जीएसटी परिषद ने राजकोषीय संवाद को संस्थागत रूप दिया और एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार का निर्माण किया। इसके अलावा, उन्होंने राज्यों को हस्तांतरित किए जाने वाले केन्द्रीय करों का हिस्सा बढ़ाया। इससे राज्यों को अपनी प्राथमिकताएं तय करने में ज्यादा वित्तीय गुंजाइश एवं स्वायत्तता मिली। साथ ही, उन्होंने व्यापार में सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग करके और सुधारों को पुरस्कृत करके प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ावा दिया। इन बदलावों ने राज्यों को न सिर्फ धन प्राप्त करने वाले के रूप में, बल्कि भारत की विकास गाथा में हितधारक के रूप में भी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज की बात



**मनसुख एल मांडविया**
केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

बुनियादी ढांचे के मामले में, गुजरात के बीआईएसएजी मानचित्रण से संबंधित प्रयोगों को पीएम गति शक्ति के रूप में विस्तारित किया गया, जहां 16 मंत्रालय और सभी राज्य अब एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 1,400 परियोजनाओं की योजना बना रहे हैं। इससे अनुमोदन में लगने वाले समय में कमी आ रही है और क्रियान्वयन में सामंजस्य स्थापित हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी के लिए, कल्याणकारी योजनाएं हमेशा उत्पादकता से जुड़ा निवेश रही हैं जिनका उद्देश्य इनके लाभार्थियों को सशक्त बनाना है। गुजरात के कन्या केलवणी नामांकन अभियान ने महिला साक्षरता को 2001 के 57.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 2011 तक 70.7 प्रतिशत कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर, इसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में परिवर्तित किया गया। इस कार्यक्रम का संबंध बाल लिंगानुपात में सुधार से है, जो 2014 के 918 से बढ़कर 2023 तक 934 हो गया। लड़कियों के स्कूल जाने से उनकी शादी देर से होती है, उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है और दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ती है। इससे वे वेतनभोगी कार्यबल में प्रवेश कर सकी हैं और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी ढंग से भाग ले रही हैं। मातृ स्वास्थ्य का भी उतना ही ध्यान रखा गया। गुजरात की चिरंजीवी योजना ने संस्थागत प्रसवों पर सब्सिडी दी, जिससे मृत्यु दर में कमी आई। केन्द्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने मातृत्व लाभ और पोषण को जोड़ा। इससे तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को सहायता मिली। इसका मार्गदर्शक विचार एक ही था: सामाजिक व्यय से निर्बलता में कमी आनी चाहिए, विकल्प बढ़ने चाहिए और भावी कार्यबल की क्षमता बढ़नी चाहिए। शायद, गुजरात मॉडल का सबसे सूक्ष्म प्रभाव मानसिकता में बदलाव है।वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलनों ने दिखाया कि कैसे निरंतर जुड़ाव धारणाओं को बदल सकता है, एक राज्य को निवेशकों की नजर में एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य बना सकता है और नौकरशाहों को व्यवसाय के अनुकूल बना सकता है। इसी अनुभव ने 'मेक इन इंडिया' को आकार दिया, जिसने सुव्यवस्थित मंजूरियों, भूमि गलियारों और बुनियादी ढांचे की तैयारी के जरिए विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी। वर्ष 2014 और 2024 के बीच, भारत ने 83 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया, जो इसकी कार्यान्वयन क्षमता और दीर्घकालिक विश्वसनीयता में भरोसे का संकेत देता है। नागरिकों के स्तर पर भी उम्मीदें बदल गईं। पहले, योजनाओं का मूल्यांकन घोषणाओं से होता था। आज, आम भारतीय यह मानकर चलते हैं कि सरकार द्वारा समर्थित बिजली, शौचालय, बैंक खाते, सब्सिडी वाली गैस जैसी आवश्यक वस्तुएं वास्तव में उन तक पहुंचेंगी। इस तरह की चुपचाप की गई सेवाओं की आपूर्ति और सुविधाओं के सामान्यीकरण ने एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति का निर्माण किया है जहां वादों को उनके क्रियान्वयन से मापा जाता है, न कि उनके इरादों से। कई मायनों में, यह बढ़ी हुई उम्मीद गुजरात मॉडल की सबसे ठोस विरासत है।

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' महज एक नारा भर नहीं है। इसकी छाप रोजमर्रा की जिंदगी में साफ दिखाई देती है: बिजली अब लक्जरी नहीं रही, कल्याण सीधे तौर पर उपलब्ध हो रहा है, बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाएं डिजिटल समन्वय से बनाईं जा रही हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा दिखावे के बजाय मापने योग्य नतीजों की दृष्टि से डिजाइन की गई है। यह अब एक ऐसा भारतीय मॉडल है जिसने शासन को अंतिम छोर तक पहुंचाया है और देश के कोने - कोने में जनजीवन को प्रभावित किया है। जब भारत 2047 तक विकसित भारत बनने का अपना लक्ष्य हासिल करेगा, तो ऐसा इसलिए संभव हो सकेगा क्योंकि एक प्रधानमंत्री ने शासन को ही नए सिरे से परिभाषित किया है। क्रियान्वयन को प्रशासन की कसौटी बनाकर, उन्होंने भारत की विशाल मशीनरी को वादों से हटाकर काम करने वाली मशीनरी में बदल दिया है। यही छाप, जिसका परीक्षण पहले गुजरात में हुआ और जो फिर पूरे देश में फैला, श्री नरेन्द्र मोदी की निर्णायक विरासत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## विश्वकर्मा पूजा पर विशेष

### दुनिया के पहले इंजीनियर और वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 सितंबर दिन बुधवार को मनाई जाएगी, विश्वकर्मा पूजा को विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। धर्म ग्रंथो में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी का वंशज माना गया है। ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तु कला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी,और देवज्ञ उनके पुत्र है। इन पांचो पुत्र को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। विश्वकर्मा शिल्प शास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेष्ठ ज्ञाता माने जाते हैं। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्यौहार है जिसे शिल्पकार कारीगर,श्रमिक एवं सभी लोग मानते हैं। यह पर्व ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार और निर्माता भगवान विश्वकर्मा को समर्पित होता है। विश्वकर्मा एक ऐसे देवता है जिन्होंने स्वर्ग और यहां तक की देवताओं के कुछ सबसे बड़े महलों का निर्माण किया, उन्हें कारीगरों शिल्पकारों और इंजीनियरों का देवता के रूप में भी पूजा जाता है। उन्हें सृष्टि का पहला इंजीनियर भी कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा जो भी कोई व्यक्ति करता है उसका घर, दुकान, कारोबार, सभी उन्नति करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के दिन सच्चे मन से दान करने से अच्छे कर्म बढ़ते हैं और समृद्धि, सफलता और खुशी मिलती है विश्वकर्मा पूजा पर विशिष्ट वस्तुओं का दान करके भक्त विश्वकर्मा के साथ एक सानिध्य स्थापित करते हैं और विकास के साथ प्रचुरता के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माता यानी दुनिया का निर्माण करने वाले, इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहले इंजीनियर और वास्तु कार माना जाता है।

आपकी बात



**संजय सर्राफ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



# हिंसा के बावजूद नेपाल में लग रहे हैं मोदी मोदी के नारे

पड़ोस की बात



**केदारनाथ दास**

बांग्लादेश, श्रीलंका के बाद अब हमारे एक और पड़ोसी नेपाल से भी तख्तापलट की घटना सामने आई है। इन सभी देशों में एक जैसी हिंसक घटनाओं के बाद अब भारत में भी एक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की जा रही है कि नेपाल की घटना से हमारे देश के आकाओं को भी सीख लेनी चाहिए। देश की सत्ता पर विश्वसनीयता को लेकर कोई सवाल नहीं है फिर भी ऐसी कोशिश जारी है। ऐसी कोशिश तब की जा रही है जब हिंसा में संलग्न लोगों ने नेपाल के लिए मोदी जैसा प्रधानमंत्री की इच्छा जताई है। नेपाल का यह "मोदी मिसाल" तब है जबकि इन्हीं आंदोलनकारियों के द्वारा वहां की संसद, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, मीडिया संस्थान, होटल, बैंक और नगरपालिका तक को आग के हवाले कर दिया गया है। गुस्सा इतनी कि देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की धर्मपत्नी को उनके आवास सहित जिंदा जला दिया गया और विपक्षी नेताओं से लेकर मंत्रियों तक को सरेआम दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया है। वस्तुतः श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी दिखने वाली नेपाल की यह हिंसा सिर्फ सत्ता के प्रति आक्रोश का मामला भर नहीं था। यदि ऐसा कुछ होता तो बैंक, न्यायालय, मीडिया हाउस, होटल, पर्यटन की संभावना और किसी राजनेता की पत्नी को हिंसा का शिकार न बनाया जाता। इसी तरह एक साथ देश के विभिन्न भागों में अवस्थित अठारह जेलों को तोड़ कर तेरह सौ से अधिक दुर्दांत अपराधियों को नहीं भगा दिया जाता। आखिर सुप्रीम कोर्ट, बैंक, मीडिया हाउस, होटल जैसे संस्थानों ने देश का क्या बिगाड़ा था और यदि सत्ता से चिढ़ थी तो प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद इसपर विराम लग जाना चाहिए था। ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया क्योंकि मामला सिर्फ सत्ता के विरुद्ध आक्रोश का नहीं था बल्कि गुस्सा पुराना था और निशाने पर वह व्यवस्था था जिसके अंतर्गत उस गोरक्षक राजा को साजिशन पदच्युत कर दिया गया जिसमें नेपाली जनमानस साक्षात पशुपति का दर्शन करता रहा है। इतना ही नहीं यह आक्रोश उस व्यवस्था से भी था जब वामपंथ के नाम पर सरकार के पैरोकार गोवध करते और फिर उसका चलचित्र बनाकर उसे पूरे देश में प्रदर्शित करने का दुस्साहस दिखाते। अभी जब नेपाल जल रहा है तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध को इस हिंसा का मुख्य वजह बताया जा रहा है। यह पूर्ण सत्य नहीं है क्योंकि जब सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लग ही गया था तो फिर इतने बड़े पैमाने पर लोग हिंसा के लिए इकट्ठा कैसे हो गए? अचानक में ऐसा हो पाना लगभग असंभव है। अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं उसके अनुसार यह उस हैश टैग का कमाल था जब सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने के पहले ही यहाँ "नेपो बेबी" और "नेपो किड" जैसे शब्द ट्रेंड कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि "नेपो बेबी" व "नेपो किड" जैसे शब्दों के बूते नेपाल में राजनेताओं और प्रभावशाली लोगों के बच्चों की विलासिता पूर्ण जिंदगी, भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार से हासिल सुख सुविधाओं को जनाक्रोश का टूलकीट बनाया गया। इसके लिए अन्य लोकतांत्रिक विकल्प भी चुने जा सकते थे परन्तु बेरोजगारी, महंगाई, नागरिक सुख सुविधाओं के अभाव और पलायन से बेहाल आम नेपाली युवाओं को एक टूलकीट के बूते भड़का कर हिंसक बनाना आसान था और हुआ भी यही सबकुछ। इस हिंसा में साजिश की बू इसलिए भी आ रही है क्योंकि ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि अमेरिकन तंत्र के लिए प्रतिबंध लगा दिए गए और चीन की टिक टॉक व रेडिट को समय रहते छुट मिलती चली गई। निसंदेह किसी भी संप्रभु देश की सरकारों को ऐसे प्रतिबंध लगाने या छुट देने का पूरा अधिकार है। नेपाल की सरकार ने अपने इसी अधिकार का प्रयोग किया परन्तु चीन समर्थित इस व्यवस्था को अराजकता फैलाना था और इसके लिए पूरे घटनाक्रम के बहुत पहले ही तख्तापलट की पटकथा लिखी जा चुकी थी। भारतवर्ष की स्थिति इन सबसे अलग है क्योंकि यहाँ का लोकतंत्र जीवंत है और अपनी लोकप्रियता के बल पर लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले दल सत्ता में हैं। हाँ, भारत में भी कुछ विघ्नसंतोषी तथाकथित टूलकीट का हिस्सा बनने की फिराक में जरूर नजर आ रहे हैं। यह सबकुछ सत्ता के लालच की कुंठा हो सकती है और इसी वजह से भारतीय व्यवस्था में भी उन्हें श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल नजर आने लगा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सभी लोग यदि देखते, रह जायेंगे ख्वाब।
चौकीदारी वक्त की कौन करेगा सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हिंदी दिवस के रहते हिंदी

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

हिंदी भाषी प्रदेशों में हिंदी तो मातृभाषा ही है। अब हिंदी जब मातृभाषा ही है तो कम से कम तीन-चार पीढ़ियों तक इसे पढ़ने की रूचि ही नहीं रही और यही स्थिति आगामी तीन - चार पीढ़ियों तक रहने की संभावना दिखती है। हमने मान लिया कि हिंदी मातृभाषा है, उसे क्या पढ़ना? हिंदी व्याकरण से उनका वही संबंध रहा जो मेरा राजनीति से है। हिंदी भाषी प्रदेशों में आक्रांताओं की भाषा अंग्रेजी पढ़ने पर अविभावकों का अधिक जोर रहता है। इस क्षेत्र में अंग्रेजी जिस श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है, दक्षिण में हिंदी उसी श्रद्धा से पढ़ी जाती है। हर हिंदी पखवारे में हिंदी में कार्य करने के लिए केंद्रीय कार्यालयों में शपथ दिलाई जाती है। कर्मचारी और अधिकारी यह शपथ उसी प्रकार लेते हैं जैसे विधायिका सत्यनिष्ठा की लेती है। हिंदी प्रयोग करने का उनका उमंग हमारी राष्ट्रभक्ति की भांति टिकता नहीं है। एक - दो दिनों बाद फुस्स। हम अंग्रेजी पढ़कर अपनी हीनता मिटाने में लगे हैं। कुछ गिने - चुने हिंदी प्रचारी उतनी ही हीन भावना से ग्रसित किए जा रहे हैं। इस संघर्ष में पहले की युवा पीढ़ी ने हिंगलिश प्रथा का अविष्कार किया। जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी के एक - आध श्ब्द आवश्यक होते चले गए। कालांतर में विकास के साथ इसका भी स्वरूप बदलने लगा। आज की युवा पीढ़ी अंग्रेजी के स्लैंग, शब्दों के संक्षिप्तीकरण के साथ एक - आध हिंदी के शब्द जोड़ने लगे। इसे इंगलिहिंदी आप कह सकते हैं। हिंदी भाषा के आन्दोलनियों के बच्चे धड़ल्ले से अंग्रेजी संतों के नामाकरण वाले अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ते। हिंदी से पहले उनकी शिक्षा अंग्रेजी सीखने से प्रारम्भ होती। मेरा दावा है कि आज की पीढ़ी बिरले ही हिंदी वर्णमाला को स्मरण रखती हो! हिंदी के प्रति हम हिंदी दिवस से लेकर हिंदी पखवारे तक मनाते हैं। स्वतन्त्रता के बाद होना यह चाहिए था कि जिस प्रकार हिंदी विलुप्तीकरण की ओर बढ़ रही है, यह नियति अंग्रेजी की होनी चाहिए थी। हमें अंग्रेजी दिवस और अंग्रेजी पखवारे मनाकर उसे वर्तमान में हिंदी की तरह सद्गति की ओर धकेल देना चाहिए था। लेकिन यह इसलिए नहीं हुआ क्योंकि जो राजनीतिक परिवार केंद्र की सत्ता में रही उसे अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी स्त्रियों से कभी मोह भंग हुआ ही नहीं। वे विदेशों में न जाने पढ़े भी कि नहीं, लेकिन ढोल बहुत पीटा। ऐसे में हिंदी की नैया डुबोने के अतिरिक्त उनसे अपेक्षा भी क्या की जा सकती थी। आज उनकी कृपा से ही हिंदी के प्रति विद्रोह कई प्रांतों में को हवा दी जा रही है। राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं करता जब तक परतंत्रता की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने राष्ट्र और उसकी भाषा हिंदी पर गर्व न करे। लेकिन उन्हें राष्ट्र की क्या पड़ी थी? कैसी विडंबना है कि विशेषकर हिंदी भाषी प्रदेशों में भी कोई अहिन्दीभाषी अधिकारी आता है तो उसे हिंदी सीखनी पड़ती है। लेकिन न्यायालयों में ऐसा होने नहीं दिया गया। हिंदी अभी भी यहाँ उपेक्षित दासी ही रखी गयी। हिंदी जागरण, हिंदी प्रेम और राष्ट्रभक्ति को एक राजनीतिक ऐनक से देखे जाने की प्रथा चलाई गई। उन्हें संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगा। इसी मृगमरीचिका में हिंदी साहित्य के विशाल आँगन में मठ परम्परा चलाई जाने लगी। मठाधीशों ने रक्तध्वज फहराया और उसी की छाया में पलने वाले अयोग्य तक सम्मानित / पुरस्कृत होने लगे। माता सरस्वती के वे पुत्र जो हिंदी साहित्य को साधते रहे, उन्हें न केवल अनदेखा किया गया वरन उन्हें अपमान के घूँट तक पीने को विवश होना पड़ा। परिणाम यह हुआ कि हिंदी की उपेक्षा में वृद्धि ही होती चली गयी। हिंदी जहाँ थी, धीरे - धीरे बेचारी होने लगी। मनुष्यता की भांति अर्ध्यगामी होती चली गयी। अंग्रेजी उर्ध्वगामी ही रही। हिंदी की अवस्था यह हुई कि दुकानों तक की नाम पट्टिका अंग्रेजी में मिलने लगी और बहुत हिंदी प्रेम जगा तो उसे देवनागरी लिपि में लिख कर हिंदी प्रेम प्रदर्शित किया गया। आज हिंदी के समाचार पत्रों की हिंदी देखें तो बहुत निराशा होती है। अब हिंदी के शब्दकोश कोई पढ़ता नहीं, शब्दावली काम चलने लायक सिकुड़ गयी। कुछ षड़यंत्रकारियों ने क्लिष्ट हिंदी के शब्दों के वाक्यों को प्रचलित कर हिंदी का उपहास भी उड़ाने का प्रयास किया। वे समाज को हिंदी के प्रति दिग्भ्रमित करने में लगे रहे। यह नहीं बताया गया कि विश्व की सभी भाषाओं में सबसे समृद्ध शब्दावली हिंदी की है, हमारी वर्णमाला वैज्ञानिक है और हमें अपनी भाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए।




**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गुरदासपुर में राहुल गांधी को बाढ़ प्रभावित गांवों में जाने से रोका गया

**राहुल ने नाराजगी जताते हुए कहा -**

- "लोगों से मिलने से क्यों रोका जा रहा है?"
- राहुल गांधी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मौके पर बहस हुई।
- एसपी युगराज सिंह ने राहुल गांधी को समझाने की कोशिश की।
- भारी बारिश और दरियाओं के उफान से पंजाब के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति।

## राहुल गांधी को मिलने से क्यों रोका गया, केंद्र सरकार से जांच की मांग



राहुल गांधी के साथ मौके पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी बाढ़ पीड़ित लोगों से मिलना चाहते थे, लेकिन जिला प्रशासन की मदद से पंजाब सरकार ने उन्हें रोक दिया, जबकि लोग उनकी राह देख रहे थे। चन्नी ने आरोप लगाया कि बाढ़ से पहले सरकार ने कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए। सरकारी लापरवाही के कारण ही यह बाढ़ आई और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसकी जिम्मेदार पंजाब सरकार है। गुरदासपुर सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी राहुल गांधी को रोके जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों से मिलने आए थे, उन्हें रास्ते में क्यों रोका गया? इसका जवाब केंद्र और पंजाब सरकार को देना चाहिए। रंधावा ने आगे आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने दोनों दरियों का पानी एक साथ छोड़ दिया, जिससे पंजाब के कई इलाके डूब गए। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार इस पूरे मामले की जांच कराए।

**एजेंसी। गुरदासपुर**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान वे गुरदासपुर के दीनानगर इलाके के मकोड़ा पतन रावी दरिया किनारे पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की कोशिश की। लेकिन, जिला प्रशासन ने उन्हें रावी दरिया के पार बसे गांवों में जाने से रोक दिया। इस दौरान राहुल गांधी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बहस भी हुई।राहुल गांधी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह दरिया पार बसे गांवों के लोगों से मिलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें मिलने से क्यों रोका जा रहा है। मौके पर मौजूद एसपी युगराज सिंह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को समझाने की कोशिश करते हुए नजर आए। गौरतलब है कि हाल ही में हुई भारी बारिश और दरियाओं के उफान से पंजाब के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। खेतों की फसलें नष्ट हो गईं और कई गांवों के घरों को भी भारी नुकसान हुआ है। पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश और नदियों के उफान से राज्य के 13 जिलों के 1,400 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। वहीं, लाखों हेक्टेयर फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

**बिहार को प्रधानमंत्री मोदी की सैगात, बोले-**

# पिछड़े को प्राथमिकता और गरीब की सेवा, यही मोदी का लक्ष्य है

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिया हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव में अंतरिम टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। बिहार चुनाव से पहले उनका यह दौरा महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी पूर्णिया में एकत्रित लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने बिहार के पूर्णिया में लगभग 36,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद हैं। इसके साथ ही मोदी ने बिहार में कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने बिक्रमशिला-कटेरिया के बीच 2,170 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल लाइन का शिलान्यास किया, जो गंगा नदी के पार सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगी।

वहीं, अपने संबोधन की शुरूआत में माफी मांगते हुए मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सभी से क्षमा चाहता हूँ। कोलकाता में मेरा कार्यक्रम थोड़ा लंबा हो गया, और इस वजह से मुझे यहाँ पहुँचने में देर हो गई। इसके बावजूद आप लोग इतनी बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद देने आए। आप इतने लंबे समय तक रुके। मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज यहां बिहार के विकास के लिए करीब 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। रेल, एयरपोर्ट, बिजली, पानी से जुड़ी ये परियोजनाएं सीमांचल के सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेंगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां 40 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर भी मिले हैं। इन 40 हजार परिवारों के जीवन में आज एक नई शुरुआत हुई है। धनतेरस, दीपावली



और छठ पूजा से पहले अपने पक्के घर में गृह प्रवेश बहुत सौभाग्य से होता है। मैं इन परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आज का ये अवसर मेरे बेघर भाई-बहनों को भरोसा देने का भी है कि एक दिन उनको भी पक्का घर मिलेगा। ये मोदी की गारंटी है! हमारी सरकार ने पिछले 11 साल में 4 करोड़ से ज्यादा पक्के घर बनाकर गरीबों को दिए हैं।मोदी ने दावा किया कि अब हम 3 करोड़ नए घर बनाने का काम कर रहे हैं। जब तक हर गरीब को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी रुकने या थमने वाला नहीं है। पिछड़े को प्राथमिकता और गरीब की सेवा, यही मोदी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित भारत के निर्माण में इंजीनियर्स की बहुत बड़ी भूमिका है।

# विपक्ष को बिहार में होता विकास नहीं दिख रहा : चिराग पासवान

**एजेंसी। पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें राज्य का विकास नहीं दिख रहा है।

उन्होंने विपक्ष के राजधानी पटना में उद्योग नहीं लगाए जाने को लेकर लगाए गए पोस्टर पर कहा कि चुनाव का समय है और विपक्ष इस तरह की राजनीति करेगा। आज पटना एयरपोर्ट के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जा रहा है। बिहार को दो एम्स दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जितनी बार बिहार आए हैं उतनी बार हजारों-करोड़ की राशि की परियोजनाओं को बिहार को समर्पित करके गए हैं। कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अब तो बात सिर्फ शिलान्यास की नहीं है, कई योजनाओं का उद्घाटन भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा, ''विकसित बिहार के जिस संकल्प के साथ हमलोग आगे बढ़ रहे हैं, उस संकल्प और मुहिम का मजबूती के साथ प्रधानमंत्री द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार का लाभ बिहार और बिहारियों को दिखने लगा है। ऐसे में विपक्ष को जो कहना है, कहे, हमलोग जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उस दिशा में बिना भटके हमलोग आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।"

भारत-पाकिस्तान के मैच में भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने को लेकर



लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि यदि आप किसी से हाथ मिला रहे हैं और वही लोग आपके परिवार के सदस्यों पर हमला कर रहे हैं और उन्हें मार रहे हैं, तो ऐसी तस्वीरें निश्चित रूप से उनकी भावनाओं को आहत कर सकती हैं।उन्होंने कहा, "खेल खेला जाना था और हमारे खिलाड़ियों ने इसका समान रूप से सम्मान किया और उस खेल को उसी भावना से खेला। जीतकर, हमारे खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से उन पीड़ितों का सही मायने में सम्मान किया।"

उल्लेखनीय है कि रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम ने दुबई में एशिया कप के एक मुकाबले में पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से शिकस्त दी। मैच खत्म होने के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के लिए कुछ देर तक इंतजार भी किया, लेकिन मैदान में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं पहुंचा। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे भारत को जीत दिलाने के बाद सीधे ड्रेसिंग रूम लौट गए थे।

# पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सशस्त्र बलों की संयुक्तता पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी है। तीनों सेनाओं के सैन्य कमांडरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में आयोजित 16वें संयुक्त (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) कमांडर्स सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सशस्त्र बलों की विभिन्न गतिविधियों पर अपने विचार रखे। यह सम्मेलन प्रत्येक दो वर्ष में एक बार आयोजित होता है। यह सशस्त्र बलों का सर्वोच्च स्तरीय मंथन मंच माना जाता है, जिसमें देश के शीर्ष सैन्य व नागरिक नेतृत्व भविष्य की सैन्य तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श करते हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'ईयर ऑफ रिफॉर्म्स—ट्रांसफॉर्मिंग फॉर द फ्यूचर' है। यह विषय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और परिवर्तन की वर्तमान प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण, समुद्री डकैती रोधी अभियानों, संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी तथा मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष बताते हुए रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और किसी भी परिस्थिति में विजयी होने के लिए संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु ठोस कदम जल्द से जल्द लागू किए जाएं। प्रधानमंत्री को इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने नए परिदृश्य में सशस्त्र बलों की संचालनिक तत्परता, उभरती प्रौद्योगिकियों और युद्धक रणनीतियों के परिप्रेक्ष्य में भविष्य के युद्ध तथा बीते दो वर्षों में लागू सुधारों और आने वाले दो वर्षों की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। आने वाले दो दिनों में यह सम्मेलन विभिन्न संरचनात्मक, प्रशासनिक और संचालनिक मुद्दों की व्यापक समीक्षा करेगा। इसमें सभी सेनाओं से प्राप्त फीडबैक, वैश्विक अस्थिरताओं के बीच भारत की सैन्य तैयारी और प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आगे की रोडमैप पर गहन चर्चा की जाएगी। भारतीय सशस्त्र बलों की यह एक बेहद महत्वपूर्ण 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' है। इस संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस में थलसेना, वायुसेना व नौसेना सेना के टॉप कमांडर्स मौजूद हैं। यहां साझा रणनीति, संयुक्त ऑपरेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' का उद्घाटन किया।

**बिहार में नौकरियों को लेकर बवाल**

# बैरिकेड्स तोड़ आगे बढ़े छात्र, सरकार मौन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में छात्र सोमवार को राज्य में पुलिस कांस्टेबल और सरकारी नौकरियों की कमी के विरोध में सड़कों पर उतर आए। छात्रों का दावा है कि पिछले दो वर्षों से नए छात्रों की भर्ती के लिए कोई नई रिक्तियां नहीं आई हैं। छात्रों ने मांग की कि सरकार चुनाव शुरू होने से पहले इस संबंध में अधिसूचना जारी करे। हालांकि भारत के चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करते हुए छात्रों ने मांग की कि बिहार पुलिस सब-ऑर्डिनेट सर्विस कमीशन (बीपीएसएससी) और सेंट्रल सिलेक्शन बोर्ड ऑफ कांस्टेबल (सीएसबीसी) की उत्तर कुंजी छात्रों को दी जाए। एक प्रदर्शनकारी के अनुसार, छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासन के एक अधिकारी से मिलने गया और अपनी मांगें रखीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुछ देर के लिए रोक दिया क्योंकि बैरिकेड्स लगाए गए थे। हालाँकि, कुछ जगहों पर बैरिकेड्स हटा दिए गए थे, जिससे कुछ छात्र आगे निकल गए। बैरिकेड्स के ऊपर खड़ी एक प्रदर्शनकारी खुशबू पाठक ने पत्रकारों से कहा कि छात्रों ने कई बार अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है, लेकिन प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। इसलिए आज हमें यह विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। हमारा विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। हम हाथ जोड़कर सरकार से अपनी माँगें पूरी करने की विनती करते हैं। उन्होंने एएनआई को बताया कि उत्तर कुंजी की कार्बन कॉपी और प्रश्न पुस्तिका बीपीएसएससी और सीएसबीसी द्वारा दी जानी है। बिहार इंस्पेक्टर का नोटिफिकेशन चुनाव से पहले दिया जाना है। हम शांतिपूर्ण तरीके से मार्च कर रहे छात्र हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी, नीतीश कुमार ने बताया कि पिछले दो सालों से पुलिस/कांस्टेबल की कोई नई रिक्तियाँ घोषित नहीं की गई हैं, जिससे उनके लिए पटना में रहकर पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। नीतीश कुमार ने एएनआई को बताया कि हम अंदर जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन हमें अंदर नहीं जाने दे रहा है। हम संवैधानिक तरीके से अंदर जाने की कोशिश कर रहे हैं।




# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी, जिससे आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा, वहां अधिकतर लोग आपकी बातों से सहमत होंगे।

**वृष :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी तथा आर्थिक मामलों में भी लाभ मिलेगा। आज आप भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नये कदम उठायेंगे। आज स्थिति आपके अनुकूल रहेगी और लवमेट के साथ रिश्ते में मिठास आयेगी। आज आपके मन में कुछ बड़े विचार आयेंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है, आपको किसी बड़ी कम्पनी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है, कोई नई स्टोरी लिखने के लिये मन में अच्छा टॉपिक आयेगा।

**कर्क :** आज आपका दिन ठीक - ठाक रहेगा। आज आप ज्यादा से ज्यादा समय परिवार के साथ बितायेंगे और जीवनसाथी के साथ कहीं हिल स्टेशन पर घूमने की प्लांनिग भी कर सकते हैं। आज आपके लिए किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उसे समय से पूरा करने में कामयाब होंगे। आज आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जाने का मन बनायेंगे, जिससे मिलकर आपको ख़ुशी होगी। आज दाम्पत्य रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। इस राशि के अविवाहित व्यक्तियों को जल्द ही विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे। साथ ही किसी पारिवारिक समस्या का समाधान भी निकलेगा।

**तुला :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप कारोबार में अच्छा धन लाभ कमायेंगे, जिससे कारोबार में वृद्धि होगी और आपका मान -सम्मान बढ़ेगा। इस राशि के व्यक्तियों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिलेगी, । आज करियर के मामले में आपके ऊपर क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कोशिश पूरी तरह से सफल होगी, जिससे आपका आत्मविश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आज आप दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएंगे। आज आप मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे और किसी बात को लेकर आपके मन में चल रही, शंका भी दूर होगी।

**धनु :** आज आपके मन में नए - नए विचार आयेंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही आज आप अपने साथ काम करने वाले कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी करेंगे। आज आपको किसी बड़े व्यक्ति का साथ मिलेगा, जिनके माध्यम से आप जीवन की गहराई को समझ पायेंगे।

**मकर :** आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा, बड़ा प्रोजेक्ट आपको मिल सकता है। आज आपको किसी कंपनी से जॉब के लिये कॉल आ सकती है, धीरे – धीरे आपकी आर्थिक स्तिथि पटरी पर वापस आएगी। आज किसी रिश्तेदार से चल रही।

**कुंभ :** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ थोड़ा ज्यादा रहेगा। साथ ही किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी मिलेगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे हो जायेंगे, जिससे आपको आनंद की अनुभूति होगी। आज आप खुद को फिट और तरोताजा महसूस करेंगे। आज दिन खत्म होते-होते आपको किसी से शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन :** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आप जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि की महिलाएं अपने प्रोफेशन को फॉलो करेंगी, जिससे वे अपने साथ -साथ कई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगी।

# उच्चतम न्यायालय के गठित एसआईटी ने वनतारा को 'क्लीन चिट' दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वनतारा से जुड़े मामलों की जांच कर रहे उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात के जामनगर स्थित इस प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को 'क्लीन चिट' दे दी है।न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतोष व्यक्त किया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत की गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसका अवलोकन किया।शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने भारत एवं विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के मद्देनजर कानूनों का पालन न करने के आरोपों पर वनतारा के खिलाफ तथ्यान्वेषी जांच करने के लिए 25 अगस्त को विशेष जांच दल का गठन किया था।शीर्ष अदालत ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को याचिकाकर्ता सी आर जया सुकिन द्वारा दायर याचिका को 'पूरी तरह से अस्पष्ट' बताया, जिसमें वनतारा में कथित तौर पर कैद किये गए हाथियों को उनके मालिकों को वापस करने के लिए एक निगरानी समिति गठित करने का अनुरोध किया गया था।

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND (DISTRICT NAZARAT SECTION)**

**VERY SHORT TERM NOTICE INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**For Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records District Administration, Chatra, Jharkhand**

| Sl. No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 16/09/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 24/09/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals,Presentation and Financial Bids | 24/09/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |
| 5 | Issue of Letter of Award/Work Order | To be intimated to selected organization |

Address for communication & submission of documents during the tender period:
District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

PR 361926 District(25-26)#D — NDC, Chatra

**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची।**

**कार्यालय, उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर।**
**(वित्तीय वर्ष 2025-26)**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में शास्त्रीय एवं पेटेंट औषधियों की आपूर्ति हेतु निविदा निम्न शर्तों एवं सरकारी नियमों के तहत आमंत्रित किया जाता है। आपूर्तिकर्त्ता, जो औषधि आपूर्ति करने में रुचि रखते हों एवं बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित शर्तो का पालन करते हों, वैसे आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 23.09.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक उप निदेशक, कल्याण, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय में स्वयं या डाक के माध्यम से निविदा भेज सकते हैं। निविदा दिनांक 25.09.2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। औषध की सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस के दिन प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

**उप निदेशक, कल्याण,**
**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

PR 361991 (District) 25-26 (D)

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
**पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101**
दूरभाष सं0–06562–222621 ई–मेलः–Palamau.MDM@gmail .com

**–ः आवश्यक सूचना ः–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में इण्टरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 01–05 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में निहित प्रावधानुसार काउंसिलिग किया जाना है। निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1802 दिनांक 11.09.2025 के आलोक में कक्षा 01 से 05 (इण्टरमिडियट प्रशिक्षित) संबंधित कुल 413 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है, जिसकी काउंसिलिग हेतु तिथि एवं समय का निर्धारण निम्नवत है।:–

| क्रमांक | दिनांक | आमंत्रित अभ्यर्थी का क्रमांक | समय | काउंसिलिग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.09.2025 | क्रमांक 01 से 150 | पूर्वाह्न 09 से 05 बजे | जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार |
| 2 | 19.09.2025 | क्रमांक 151 से 300 | | |
| 3 | 20.09.2025 | क्रमांक 301 से 415 | | |

**अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपने क्रमांक के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

उक्त विभागीय निदेशानुसार इण्टरमिडियट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 01 से 05 के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 15.09.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153 (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** एवं **8102713045 (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR 361987 District(25-26)#D

न्यूज बॉक्स

## नौसेना का 'निस्तार' चांगी बेस पहुंचा, साउथ चाइना सी अभ्यास



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय नौसेना का नवीनतम डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार साउथ चाइना सी में होने वाले सैन्य अभ्यास में शामिल होने जा रहा है। आईएनएस निस्तार अपनी पहली विदेशी यात्रा के तहत सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर पहुंच चुका है। यह समुद्री जहाज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित है। सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर मौजूद यह भारतीय नौसेनिक पोत अब यहां बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर-25)' में हिस्सा लेगा। यह सैन्य अभ्यास सोमवार 15 सितंबर से हो होने जा रहा है। 2018-19 में दो डीएसआरवी निस्तार (पूर्वी और पश्चिमी तट के लिए) के शामिल होने के बाद, भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में आ गया है।

## जेन-जी आंदोलन से नेपाल में अरबों का कारोबारी नुकसान



**काठमांडू (आईएएनएस)।** जेन-जी आंदोलन के बाद नेपाल के कारोबारी गहरे सदमे में हैं। बीते सप्ताह हुई तोड़फोड़ और आगजनी ने देश के निजी क्षेत्र को अरबों का नुकसान पहुंचाया है। शॉपिंग मॉल, होटल, फैक्ट्रियां, ऑटो शोरूम और व्यापारियों के घरों तक को निशाना बनाया गया। इन हमलों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। सबसे बड़ा झटका राजधानी काठमांडू के होटल हिल्टन को लगा, जिसे बीते साल ही भव्य रूप से खोला गया था। 9 सितंबर को हुई हिंसा में इस बहुमंजिला होटल को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) के अनुसार सिर्फ हिल्टन को ही 8 अरब नेपाली रुपये (करीब 5 अरब भारतीय रुपये) से अधिक का नुकसान हुआ है।

## दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने सोमवार को अपना त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थापित करने और उत्तर कोरिया के सैन्य खतरों के खिलाफ सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के तीनों देशों के निरंतर प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। पांच दिवसीय यह अभ्यास दक्षिण कोरिया के दक्षिणी द्वीप जेजू के पूर्व और दक्षिण में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में शुरू हुआ। दक्षिण कोरिया में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के प्रवक्ता यांग सेउंग-क्वान ने एक प्रेस वार्ता में कहा, "फ्रीडम एज एक्सरसाइज 19 सितंबर तक होगी, ताकि उत्तर कोरिया के उभरते परमाणु और मिसाइल खतरों को रोकने और उनका जवाब देने की क्षमताओं को मजबूत किया जा सके।

## उत्तर कोरिया जासूसी एजेंसी में विस्तार खुफिया क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित

**सोल ।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने बाहरी खुफिया जानकारी एकत्र



करने और उसका विश्लेषण करने की अपनी क्षमताओं को मजबूत करके देश की जासूसी एजेंसी जनरल रिकोनेसेंस ब्यूरो (जीआरबी) के संचालन का विस्तार किया है। सत्तारूढ़ पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष पाक जोंग-चोन ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने पहली बार जनरल रिकोनेसेंस इंफॉर्मेशन ब्यूरो नामक एक नई इकाई का उल्लेख किया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जीआरबी का विस्तार जनरल रिकोनेसेंस इंफॉर्मेशन ब्यूरो में कर दिया है। मंत्रालय के प्रवक्ता कू ब्योंग-सैम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम इस संभावना पर नजर रख रहे हैं।

# कतर में इजराइल के खिलाफ 50 मुस्लिम देशों की बड़ी बैठक

### ईरान बोला- इस्लामी देश इजराइल से रिश्ता तोड़ें, पाकिस्तान की नाटो जैसी फोर्स बनाने की सलाह

**एजेंसी । दोहा**

कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजराइल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन ने बुलाई है। इसका मकसद 9 सितंबर को कतर पर हुए इजराइली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था। यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की। वहीं, पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसे जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इजराइल को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूरी है और कोई भी देश यह न सोचे कि वह गाजा युद्ध से बचा रहेगा।



## विदेश मंत्रियों ने रविवार को बंद कमरे में मीटिंग की

रविवार को इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने दोहा में इजराइल के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बंद कमरे में एक बैठक की थी। इस दौरान कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने इजराइली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कतर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने कहा कि दुनिया भर के मुस्लिम इस बैठक पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र किया और कहा कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

**हमास चीफ को निशाना बनाकर हमला किया था :** इजराइल ने 9 सितंबर कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा था कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

## विटामिन डी टैबलेट/पाउडर खाने का लाभ नहीं मिल रहा है तो करें ये काम

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** विटामिन डी मजबूत हड्डियों के लिए तो ज़रूरी है ही , रोग प्रतिरोधक क्षमता व शरीर के स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए भी बहुत ज़रूरी है। वैसे तो जब आप धूप में जाते हैं तो आपकी शरीर विटामिन डी का उत्पादन स्वयं करने लगती है। लेकिन जब धूप कम मिलती है और शरीर में विटामिन डी का उत्पादन ठीक से नहीं हो पाता है , तो विटामिन के लिए खाद्य खाद्य पदार्थ व टेबलेट या पावडर लेना जरूरी हो जाता है। अब तो जिनके शरीर में विटामिन डी की ज्यादा कमी हो जाती है , उनको विटामिन डी की सुई लगाई जाती है। वैसे तो इससे पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिलता है। लेकिन जो लोग विटामिन डी सप्लीमेंट लेते हैं , उनमें से कुछ लोग ऐसी आम गलतियां कर बैठते हैं जिससे उनके शरीर में इस विटामिन डी की कमी बनी रहती है। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि जब विटामिन डी लेने के बाद भी रोज थकान, मूड में उतार चढ़ाव या फिर हड्डियों में दर्द की शिकायत रहे तो इसका मतलब यह है कि आप गलत तरीके से विटामिन डी ले रहे हैं।

- **खाली पेट विटामिन डी नहीं लें :** यदि आप विटामिन डी सप्लीमेंट खाली पेट लेते हैं तो ऐसा करने से आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पूरी नहीं होगी। इससे विटामिन के अवशोषण को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसा नहीं हो इसके लिए विटामिन डी हमेशा फैट (दूध, दही...) के साथ लेना चाहिए। आप अपने भोजन में हल्का फैट जोड़ सकते हैं। इसके लिए आपको दूध-दही-सूखे मेवे या अंडा भी खाना जरूरी है।
- **कितनी मात्रा लें :** यदि विटामिन डी सप्लीमेंट का सही डोज नहीं लेते हैं तब भी आपके शरीर में इसकी कमी बनी रहेगी। ज्यादातर लोग सप्लीमेंट के मार्फ़त भी बहुत ही कम डोज लेते हैं। वयस्कों को 1000 से 2000 इंटरनेशनल यूनिट की जरूरत होती है। इसलिए सप्लीमेंट लेने से पहले आपको चिकित्सकों से इसके डोज के बारे जरूर पूछ लेना चाहिए।
- **विटामिन के 2 :** विटामिन डी के साथ विटामिन के2 भी जरूरी है। यदि आपको सही मात्रा में विटामिन के2 नहीं मिल रहा है तो यह आपके कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित कर सकता है। क्योंकि विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाता है, लेकिन बिना विटामिन के2 के यह हड्डियों की जगह आर्टिरीज में जमा होने लगता है।
- **मैग्नीशियम की मात्रा :** आप अपने विटामिन डी सप्लीमेंट का पूरा लाभ चाहते हैं तो आप यह सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम भी मिले। बिना मैग्नीशियम के विटामिन डी एक्टिव नहीं होता है। फिर चाहे आप कितना ही सप्लीमेंट क्यों ना ले रहे हैं। मैग्नीशियम के लिए आप बादाम , मूंगफली, पालक, लौकी का बीज , कोटड़ा का बीज आदि का सेवन कर सकते हैं।
- **गर्मी में भी विटामिन डी लें :** बहुत से लोग गर्मी के मौसम में विटामिन डी सप्लीमेंट लेना बंद कर देते हैं। उनको लगता है कि तेज धूप के कारण उन्हें पर्याप्त विटामिन डी मिल रहा है। लेकिन चिकित्सकों का कहना है कि यदि आप अगर विटामिन भी सप्लीमेंट ले रहे हैं, तो आपको इसे लगातार लेने की जरूरत है। यदि आप इसे सही मात्रा में ले रहे हैं तो आपकी ऊर्जा व रोग प्रतिरोधक क्षमता दोनों ही बढ़ेंगे, इसके साथ आपकी हड्डी भी मजबूत होगी।
- **विटामिन डी के अन्य माध्यम :** आपको अपने शरीर में विटामिन डी की कमी को पूरा करना है तो सबसे पहले खान-पान में में दूध, दही, पनीर, मशरूम, मूंगफली, फल आदि का भी सेवन करें। रोज़ कम से कम आधे घंटे आप धूप सेंकने कोशिश करें।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने इजरायल को दिया अटूट समर्थन

### हमास के सफाए की मांग

**यरुशलम (आईएएनएस)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को इजरायल की यात्रा के



दौरान गाजा में जारी सैन्य अभियान के प्रति वॉशिंगटन के "अटूट समर्थन" का भरोसा दिलाया और हमास के सफाए की मांग की। यरुशलम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो ने कहा, "ग़ाज़ा के लोगों का बेहतर भविष्य बन सकता है, लेकिन वह तब तक संभव नहीं है जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता। आप हमारे अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं। नेतन्याहू ने रुबियो की यात्रा को "वॉशिंगटन के स्पष्ट समर्थन का संदेश" करार दिया। रुबियो ने उन पश्चिमी देशों की आलोचना भी की, जिन्होंने हाल ही में फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, "ऐसे फैसले महज प्रतीकात्मक हैं और इनका वास्तविक असर कुछ नहीं है। उल्टा, यह हमास को और हौसला देता है। बैठक से पहले रुबियो ने कहा था कि वह नेतन्याहू के साथ गाजा में सैन्य अभियान के "लक्ष्यों और उद्देश्यों" पर चर्चा करेंगे। पिछले हफ्ते दोहा में इजरायली हवाई हमले में छह लोगों की मौत पर खाड़ी देशों की नाराजगी के बारे में पूछे जाने पर रुबियो ने कहा, "हमारा ध्यान आगे क्या होगा, उस पर है।

## ऑस्ट्रेलिया में एचआईवी मामलों में गिरावट, सामान्य यौन रोगों में बढ़ोतरी

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया की 2024 यौन स्वास्थ्य रिपोर्ट में मानव इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के मामलों में कमी दर्ज की गई है, लेकिन इसके साथ ही सामान्य यौन संचारित रोगों (एसटीआई) में खतरनाक वृद्धि सामने आई है। न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के किर्बी इंस्टीट्यूट द्वारा सोमवार को जारी "ऑस्ट्रेलिया का 2024 यौन स्वास्थ्य चेक-अप" के अनुसार पिछले एक दशक में सिफलिस और गोनोरिया (सूजाक) के मामलों में दोगुनी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में सिफलिस के 5,866 और गोनोरिया के 44,210 मामले दर्ज किए गए। एडिलेड में आयोजित ऑस्ट्रेलियन एचआईवी एवं एड्स सम्मेलन में जारी इस राष्ट्रीय निगरानी रिपोर्ट ने बताया कि यौन स्वास्थ्य जांच में गंभीर खामियां हैं और बीते दशक में सिफलिस व गोनोरिया के मामलों में तीव्र वृद्धि हुई है।

## 2026 तक मानव से ज्यादा स्मार्ट हो जाएगा एआई : मस्क

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** टेस्ला,एक्स , स्पेस एक्स , न्यूरालिंक के मालिक व दुनिया



के धनी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटलिजेंस चैटबॉट्स 2026 तक किसी भी चीज में इंसान से ज़्यादा बुद्धिमान हो जाएंगे। मस्क ने एक पॉडकास्ट में दिए गए बयान में कहा कि एक्स एआई में उनकी टीम अगले साल तक ग्रोक चैटबॉट का एक और ज्यादा पावरफुल वर्जन रिलीज करने पर काम कर रही है। एजेंक्टिक एआई की तरफ बढ़ने वाला यह एक बड़ा कदम है। मस्क का मानना है कि एआई की क्षमता इतनी बढ़ जाएगी कि 2026 तक यह किसी भी औसत इंसान से भी ज्यादा बुद्धिमान हो जाएगा। ग्रोक का मौजूदा वर्जन पहले ही अपनी क्रिएटिव कामकाज की क्षमताओं को साबित कर चुका है। और अगले वर्जन में एक्स एआई का ग्रोक अधिक एजेंटिक फंक्शंस शामिल कर सकता है, जिससे जीवन थोड़ा और आसान हो जाएगा। ग्रोक-4 में 130,000-टोकन का कॉन्टेक्स्ट विंडो है। जिससे यह एक ही बातचीत में बड़ी मात्रा में जानकारी संभाल और याद रख सकता है। टेक्स्ट के अलावा यह मॉडल विजन व इमेज जेनरेशन को भी सपोर्ट करता है ,इस तरह यह मल्टी मॉडल है।

## टेक्सास में भारतीय व्यक्ति की हत्या पर ट्रंप ने किया वादा, 'न्याय की पूरी सीमा तक कार्रवाई'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास में एक भारतीय नागरिक की हत्या मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ 'न्याय की पूरी सीमा तक' मुकदमा चलाने का वादा किया। हत्यारे पर 'प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप' लगाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, "मुझे टेक्सास के डलास में प्रतिष्ठित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से जुड़ी भयावह खबरों की जानकारी है। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने, जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था, बेरहमी से उनका सिर काट दिया। उन्होंने हत्या के आरोपियों को छोड़ने के लिए पहले के बाइडेन प्रशासन को भी दोषी ठहराया।

## एसआईआर प्रक्रिया में अवैध गतिविधि पाई गई तो पूरी प्रक्रिया रद्द हो सकती है : सर्वोच्च न्यायालय

### आखिरी सुनवाई 8 अक्टूबर को

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर जिस तरह मनमानी, तानाशाही का आरोप विपक्ष लगा रहा



है, उसकी एक झलक बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय में देखने को मिली । जिसमें कहा गया कि चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अधिकार का प्रयोग कर रहा है , उसमें सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। लगता है उसके इस कहे व रवैये को सर्वोच्च न्यायालय ने भी ठीक से समझ लिया । इसके पहले तो विपक्षी दल वाले सप्रमाण इसकी मनमानी व तानाशाही का मुद्दा मीडिया से लेकर जनता तक उठा ही रहे थे। इसका कोई असर चुनाव आयोग पर नहीं हुआ तब सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाए। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सुको ने कहा कि यदि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार अवैध गतिविधि होती है तो फिर कोर्ट पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि ऐसा फैसला लिया गया तो वो केवल बिहार के एसआईआर के लिए नहीं बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों टुकड़ों में नहीं दे सकते। इसलिए जो भी फैसला होगा, वह पूरे देश के लिए लागू होगा। सुको ने यह भी कहा कि वह यह मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के तौर पर भारत निर्वाचन आयोग वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण का काम पूरा करने में कानून और अनिवार्य सभी नियमों का पालन कर रहा है।बिहार एसआईआर की वैधता पर आखिरी बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2025 की तारीख तय की है। बीते सोमवार यानी 8 सितंबर 2025 को आदेश दिया था कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए जरूरी 11 दस्तावेजों के अलावा, आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर शामिल किया जाए। 8 सितंबर की उस सुनवाई के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट ने उन शिकायतों को सुना था, जिनमें ये कहा गया था कि चुनाव अधिकारी पूर्व निर्देशों के बावजूद इसे मान्यता देने से इनकार कर रहे हैं। उन शिकायतों के चलते ही कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर शामिल करने का आदेश दिया था।मालूम हो कि विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान पर सवाल उठाए थे। इसके चलते ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई हो रही है। विपक्ष द्वारा कथित तौर पर उचित सत्यापन के बिना वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने की बात कही गई है, जिसको लेकर लगातार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का दौर जारी है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 8 अक्टूबर को आखिरी सुनवाई की तारीख के तौर पर तय कर दिया है। देखना है उस दिन क्या होता है?






कहानी फिल्म जगत की

## पवन ने 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग खत्म की

### फैंस बोले- अब इंतजार नहीं होता!



यह बात जगजाहिर है कि टॉलीवुड के शीर्ष स्टार और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण ब्लैक बेल्ट धारक हैं। पावर स्टार पवन कल्याण ने आधिकारिक तौर पर उस्ताद भगत सिंह के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है, और इस खबर ने उनके प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है जो फिल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। सिनेमा और सार्वजनिक जीवन, दोनों में संतुलन बनाए रखने वाले अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण ने सेट पर अपनी सह-कलाकार राशि खन्ना के साथ एक गर्मजोशी भरी सेल्फी खिंचवाई, जिससे उनका शेड्यूल खत्म हो गया।

### राशि खन्ना बोलीं यादगार अनुभव

हरिश शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कल्याण के साथ राशि खन्ना और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी एक भारतीय पुलिस (आईपीएस) अधिकारी और उसकी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पुराने दुश्मनों द्वारा परिवार की हत्या के बाद अपनी मौत का नाटक करते हैं।

### राजस्व संबंधी शब्दावली पर आधारित डॉ सुनील सिंह की पुस्तक का लोकार्पण

# भूमि सुधार समाज सुधार की तरह है : एल खियांग्ते

- भूमि विवाद समाप्त करने के लिए उपयोग में बदलाव के अनुरूप रिकॉर्ड अपडेट हो
- बिहार की तरह आईटी का इस्तेमाल हो

सुनील बादल

## ग्लोसरी ऑफ लैंड रेवेन्यू रिकॉर्ड्स पुस्तक का लोकार्पण




**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव और मिजोरम के भूमि सुधार कानून के रचयिता वर्तमान में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल खियांग्ते ने कहा कि भूमि में सुधार सीधे तौर पर समाज सेवा से जुड़ा है ।समाज में अनेक पूर्व की व्यवस्थाओं में से झारखंड के आज की व्यवस्था को राजस्व के अनुरूप व्यवस्थित करना कठिन कार्य है, खास तौर पर जनजातीय और पारंपरिक व्यवस्था के इतिहास का सम्मान करते हुए इसको व्यवस्थित करने में अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इससे अनेक आंदोलन और राजनीतिक दबाव जुड़े होते हैं। इनका समाधान करने के लिए भूमि के उपयोग और वर्गीकरण के बदलने के अनुरूप रिकॉर्ड को अद्यतन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी सर्वे सेटेलमेंट के पूरा नहीं होने से अनेक विवाद खड़े होते रहे हैं जिन्हें बड़े संदर्भ में सुलझाया जा सकता है ।श्री खियांग्ते ने कहा की बिहार की तरह आईटी का इस्तेमाल करके इसमें तेजी लाई जा सकती है और रिकॉर्ड को अपडेट किया जा सकता है। अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते उन्होंने बताया कि लोहरदगा में अनुबंध आधारित नए अमीनों को जमीन के पुराने रिकॉर्ड समझ में नहीं आ रहे थे तब रिटायर्ड अमीन को बुलाकर उन्हें पढ़वाया गया इस तरह की चुनौतियां आती रहती हैं और इसके समाधान के लिए राजस्व तथा अंचल अधिकारियों को एक मंच से जुड़ना चाहिए ताकि वे एक दूसरे के अनुभव साझा कर इसका समाधान कर सकें ।डॉ सुनील कुमार सिंह की पुस्तक ग्लोसरी ऑफ लैंड रेवेन्यू रिकॉर्ड्स के लोकार्पण में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए उन्होंने कहा की इस तरह की चुनौतियां और समस्याओं का समाधान करने में यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकती है इनकी पहले की भी पुस्तकें प्रशासनिक कार्यों में संदर्भ के तौर पर इस्तेमाल की जाती रही हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड के इतिहास तथा राजस्व पर कई प्रामाणिक पुस्तकों के रचयिता डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने अपनी पुस्तक के संदर्भ में बताया कि आज लोग इंटरनेट का इस्तेमाल राजस्व शब्दावली की खोज के लिए करते हैं जो प्रामाणिक नहीं है इस कारण इस पुस्तक की रचना की गई है। इतिहास विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आई के चौधरी ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कि आज पुस्तक पथ में वीरानी छाई है जबकि डॉक्टर कुमार सुरेश सिंह जैसे विद्वान प्रशासनिक अधिकारियों की लेखकीय कड़ी में डॉक्टर सुनील सिंह की पुस्तक बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज तक झारखंड का पूर्ण इतिहास नहीं आया जिसकी आज भी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा की राजस्व की जानकारी का अथाह सागर है डॉक्टर सिंह के पास और उनकी अन्य पुस्तकों की तरह यह पुस्तक भी पेचीदगियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी। क्रॉउन पब्लिकेशन रांची से प्रकाशित इस पुस्तक के प्रकाशक राजेंद्र प्रसाद आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आईटीआई सभागार में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों और पूर्व अधिकारियों सहित बुद्धिजीवी और वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त, बैजनाथ मिश्र उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की दरगाह पर की चादरपोशी

नवीन मेल संवाददाता

- मुख्यमंत्री ने रिसालदार शाह बाबा से समस्त राज्य वासियों की सुख, समृद्धि, अमन-चैन, प्रगति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को 218वें उर्स के अवसर पर रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां परंपरा के अनुरूप चादरपोशी कर समस्त राज्य वासियों के लिए सुख, समृद्धि, अमन-चैन, प्रगति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग उर्स के मौके पर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के दरगाह में चादरपोशी के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कि आज मैने यहां चादरपोशी की रस्म अदा कर रिसालदार शाह बाबा से समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की है।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री आज करेंगे...**

सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5 तक ) को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम अपराह्न 12:30 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित द्वितीय तल सभागार में आयोजित है ।इस अवसर पर विभागीय मंत्री , मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

**एक करोड़ का इनामी नक्सली समेत...**

पांतितीरी गांव में स्थानीय निवासी प्रेम कुमार पिता शिवराम टुडू के घर में छुपे थे। हजारीबाग पुलिस और कोबरा 209 बटालियन बरही की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर एक बड़ी सफलता हासिल किया है। मुठभेड़ में एक करोड़ के एक जबकि दो अन्य 25 लाख एवं 10 लाख के इनामी नक्सलियों को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा तीनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि कर दी गई है। बरकट्ठा के गोरहर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में केंद्रीय कमेटी के मेंबर और एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश, झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य 25 लाख का इनामी रघुनाथ हेंब्रम तथा कमेटी का मेंबर 10 लाख का इनामी वीर सेन गंझू मारा गया। जिसके पश्चात पुलिस ने सर्च अभियान में तीनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। साथ ही मौके से तीन एके-47 हथियार भी बरामद किया है। एक करोड़ का इनामी नक्सली सुखदेव सोरेन ग्राम भंडेरी प्रखंड विष्णुगढ़ हजारीबाग तथा 25 लाख का इनामी नक्सली रघुनाथ हेंब्रम प्रखंड पीरटांड जिला गिरिडीह का रहने वाला था।

**विष्णुगढ़ के मन्देरी का रहने वाला था मारा गया सहदेव सोरेन :** मुठभेड़ में मारा गया एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के मंदेरी गांव का रहने वाला था। उसका पूरा नाम अनुज उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश उर्फ अमलेश है। माओवादी संगठन में वह केंद्रीय कमेटी का सदस्य था। झारखंड सरकार ने उसपर एक करोड़ का इनाम घोषित कर रखा था।

**अब झारखंड में बचे हैं तीन एक करोड़ के इनामी माओवादी :** सहदेव सोरेन के मारे जाने के बाद अब झारखंड में एक करोड़ के इनामी माओवादियों की संख्या तीन है। इनमें मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल उर्फ सागर, असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर तथा अनल उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश शामिल हैं।

**लुगु पहाड़, झुमरा व पारसनाथ क्षेत्र हुए...**

पुलिस अधिकारी हजारीबाग पहुंचे। एसपी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी ने बताया कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज थे। सहदेव सोरेन पर 30, रघुनाथ हेंब्रम पर 58 और बिरसेन गंझू पर 36 मामले दर्ज थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि साल 2025 में लगातार चलाए गए अभियानों के कारण बोकारो जिले के लुगु और झुमरा क्षेत्र, और गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र को भाकपा माओवादी के प्रभाव से पूरी तरह से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने सभी नक्सलियों से झारखंड राज्य की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

**नियुक्ति में विज्ञापन के बाद जारी...**

इसलिए विज्ञापन की तिथि के बाद जारी प्रमाणपत्र भी मान्य होना चाहिए। वहीं, आयोग की तरफ से यह दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट का एक अन्य आदेश स्पष्ट करता है कि नियुक्ति विज्ञापन की तिथि तक का ही जाति प्रमाणपत्र मान्य होगा। यदि उस तिथि तक प्रमाणपत्र नहीं है, तो अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। अदालत ने आयोग के तर्क को स्वीकार किया और कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है।

**भारत में देश का कानून चलेगा, घुसपैठियों की...**

सम्मान और सुरक्षा को खतरे में डाला है। सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफिक संकट पैदा हो गया है। बिहार, बंगाल, असम सहित कई राज्यों में लोग अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इसीलिए मैंने लाल किले से डेमोग्राफी मिशन का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि वोट बैंक की खातिर कांग्रेस, राजद और उनका इकोसिस्टम घुसपैठियों की पैरवी और उन्हें बचाने में जुटा है। ये लोग बेशर्मी से विदेशी घुसपैठियों के समर्थन में नारे लगाते और यात्राएं निकालते हैं, जिससे बिहार और देश की सुरक्षा व संसाधनों को खतरे में डाला जा रहा है। उन्होंने राजद के शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय माताएं-बहनें डरी और परेशान थीं। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में वे लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बन रही हैं। जीविका दीदी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। कांग्रेस और राजद पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन दलों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है, वे जनता की फिक्र नहीं करते।

# भाजपा को भ्रष्टाचार पर बोलने का अधिकार नहीं : विनोद पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठ फैलाकर भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। जिस तरह से भाजपा नेता ने सुरक्षा उपकरणों की खरीद को लेकर राज्य सरकार पर निराधार आरोप लगाए हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। सुरक्षा उपकरणों की खरीद से जुड़ा मामला प्रारंभ से ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखा जा रहा है। शिकायत आने के बाद सरकार ने न केवल संज्ञान लिया, बल्कि जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित की है।


**कार्यालय–उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)
**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला अन्तर्गत मनरेगा के तहत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025 अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ST कोटि के संशोधित अंतिम मेधा सूची (चयनित एवं प्रतीक्षा) लातेहार जिला के Official Website http://latehar.nic.inij प्रकाशित किया गया है।

उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार।

PR 362039 Rural Development(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112**
email : govitijhagratand@gmail.com

**प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

विभागीय सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में सत्र 2025–26–27 में प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Spot Round Admission में उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से जिन्होंने Online Form भरा है परंतु अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थी **दिनांक 15 सितंबर से 30 सितंबर को शाम 5.00 बजे** तक **पहले आवो पहले पावो के आधार** पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यार्थी को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

| Sl. No. | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Govt. ITI, Jhagratand, Garhwa | Electrician Fitter Mechanic Diesel Welder | Govt. ITI, Jhagratand. Garhwa | 9709259437 8210089235 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
झगड़ाटाँड़ ,गढ़वा

PR 361976 (Labour Employment and Traning)25-26*D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।**

**–: आवश्यक सूचना :–**

बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 203/2022 दिनांक 20.10.2020 धारा 147/148/149/387/120(B) भा0द0वि0 एवं 25(1–A)/25(1–B)a/26/35 आर्म्स एक्ट, 25(6)/25(7) आर्म्स एमेंडमेंट एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट। के निम्न लिखित अभियुक्त के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | केदार यादव पिता राधो यादव पता महवाटांड, थाना बारियातु, जिला लातेहार। |




ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR 361966 (Police) 25-26 (D)



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar
Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar- 822101, Jharkhand
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**E- Tender Cancellation Notice**

e-NIT- No. 282/JUSNL/2025-26 for the work "Painting of different equipment i.e. junction boxes, marshaling boxes, C.T. Bottoms, isolator mechanism boxes, breaker junction boxes etc. along with different switchyard structures under Transmission Sub-Division, Garhwa Road" is cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 357542)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 361941 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा।**
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर एवं हंटरगंज चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।**

डी0जी0टी0 **के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR(TC)[71015] Dated:-11.09.2025** के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड राँची के अन्तर्गत संचालित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (सरकारी/निजी/PPP/CSR) में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग हेतु काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

| Time Schedule for SPOT Round of Online Conuselling & Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No. | Activity | Date | |
| 01 | SPOT ROUND Online Admission (Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | Date | TO |
| | | 15.09.2025 | 30.09.2025 |

02. दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 तक सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर एवं हंटरगंज चतरा में **SPOT ROUND Online Admission** लिया जाएगा। **SPOT ROUND Online Admission** के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, एवं किशनपुर चतरा में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर **First Come First Service Basis** पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। उक्त तिथि में **Admission Module में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन लिया जाएगा।**
03. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–638, दिनांकः– 07.05.2025 एवं पत्रांकः–639, दिनांक–07.05.2025 के अनुसार यथावत रहेगी।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,
चतरा

PR 362018 Labour Employment and Traning(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,चतरा**
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया एवं किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

डी0जी0टी0 के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR(TC)[71015] Dated:- 11.09.2025 के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड राँची के अन्तर्गत संचालित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (सरकारी/निजी/PPP/CSR) में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग हेतु काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

| Time Schedule for SPOT Round of Online Conuselling & Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No. | Activity | Date | |
| 01 | SPOT ROUND Online Admission (Seat Allotment and Admission for Pre Registered Candidates) | Date | TO |
| | | 15-09-2025 | 30-09-2025 |

02. दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 तक सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में **SPOT ROUND Online Admission** लिया जाएगा। **SPOT ROUND Online Admission** के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, एवं किशनपुर चतरा में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर **First Come First Service Basis** पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। उक्त तिथि में **Admission Module में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन लिया जाएगा।**
03. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–638, दिनांकः– 07.05.2025 एवं पत्रांकः–639, दिनांक–07.05.2025 के अनुसार यथावत रहेगी।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,चतरा

PR 362016 Labour Employment and Traning(25-26).D



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**
पता–ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड, थाना+जिला–चतरा, पिन–825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com, Phone No.- 06541-296111

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिए गए निदेशानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5, पारा/गैर पारा कोटि) के कुल–181 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.chatra.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। उक्त 181 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग दिनांक 18.09.2025 एवं दिनांक 19.09.2025 को निम्नांकित क्रमानुसार उक्त तिथियों को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक विकास भवन, चतरा के बगल में अवस्थित डी0एम0एफ0टी0 हॉल में निर्धारित की गई है। अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक 18.09.2025 को काउंसिलिंग में आमंत्रित अभ्यर्थियों का क्रमांक | चतरा जिले हेतु प्रकाशित सूची के अनुसार क्रमांक 01 से लेकर 90 तक (विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मूल सूची में अंकित क्रमांक 261 से 350 तक) | कुल 90 अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग इस तिथि को की जायेगी। |
| दिनांक 19.09.2025 को काउंसिलिंग में आमंत्रित अभ्यर्थियों का क्रमांक | चतरा जिले हेतु प्रकाशित सूची के अनुसार क्रमांक 91 से लेकर 181 तक (विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये मूल सूची में अंकित क्रमांक 351 से 441 तक) | कुल 91 अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग इस तिथि को की जायेगी। |

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, चतरा के द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी– अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा की निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

1. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक (जो अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना है) को अपने हस्तलिपि में भरकर (जहाँ विहित हो, छोड़कर हिन्दी अथवा English में भरें) तथा आवेदन के समय संलग्न किए गए अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा चार पासपोर्ट साईज का Black & White फोटो (एक स्वअभिप्रमाणित फोटो जाँच–पत्रक पर चिपकायें एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करें) कभर फाईल (दो प्रति) में काउंसिलिंग के समय उपलब्ध करायेंगे।
2. अनुशंसित अभ्यर्थी फोल्डर फाईल के ऊपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि एवं मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करेंगे।
3. अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें, तो कार्यालय में गठित हेल्पलाईन प्रकोष्ठ के कर्मी जिनका मोबाईल संख्या–7004065049 एवं 9973708001 है, पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 362012 (School Education and Literacy) 25-26 (D)




# सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले।

इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185.3 ओवर डाले। ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### हेनरी और सिल्स का प्रदर्शन

- न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए।
- वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफॉर्म किया।

### क्या है आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड?

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड एक पुरस्कार है, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) हर महीने प्रदान करता है। यह अवॉर्ड मेंस और विमेंस कैटेगरी में दिया जाता है। यह पुरस्कार हर महीने के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर हर कैटेगरी के 3 प्लेयर्स को नॉमिनेट किया जाता है। इनका चुनाव स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी करती है। इसमें पूर्व क्रिकेटर, जाने माने खेल पत्रकार शामिल होते हैं। नॉमिनेशन के बाद दुनिया भर के फैंस वोट देते हैं।

### ऑपरेशन 'व्हाइट बॉल'

## हार और टीम इंडिया के फैसले से सदमे में पाकिस्तान, पीसीबी ने दर्ज कराई शिकायत

**दुबई (आईएएनएस)**



भारत ने एशिया कप 2025 में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। मुकाबले के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) तिलमिला गया है। पीसीबी ने इसे 'खेल भावना के विरुद्ध' बताते हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, "टीम मैनेजर नवीद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने के व्यवहार पर विरोध दर्ज कराया है। इसे खेल भावना के विरुद्ध माना गया है। इसके विरोध में हमने अपने कप्तान को पोस्ट मैच सेरेमनी में नहीं भेजा। पाकिस्तान के खिलाफ टॉस के दौरान भी कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया। हालांकि, पीसीबी ने कहा कि मैच रेफरी ने टॉस से पहले सलमान को इसकी जानकारी दे दी थी। पीसीबी ने कहा, "मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने टॉस के समय सलमान आगा को भारतीय कप्तान से हाथ न मिलाने के लिए कहा था। पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने इस व्यवहार को खेल भावना के विरुद्ध बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्याओं में शामिल आतंकवादियों को मारने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 'ऑपरेशन व्हाइट बॉल' में भी भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। कप्तान सूर्या ने इस जीत को सशस्त्र बलों को समर्पित किया है। जीत के बाद सूर्या ने कहा, "हमने टीम के साथ मिलकर फैसला लिया। हम सिर्फ खेलने आए थे। हमने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ चीजें खेल भावना से परे होती हैं। हम यह जीत अपने सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं।

## सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन: फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज



**एजेंसी । नई दिल्ली**

सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है। इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुकाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से 54वें नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का आयोजन




**गांधीनगर (आईएएनएस)**

केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से आयोजित 54वीं नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन के अंतर्गत सोमवार को शतरंज (बालिका) की राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा का शुभारंभ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 1 में हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रीय विद्यालयों की 216 बालिकाएं अंडर-17 तथा अंडर-19 श्रेणियों में हिस्सा ले रही हैं। केवीएस अहमदबाद की असिस्टेंट कमिश्नर मीना जोशी ने कहा, "हम 54वीं केवीएस राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मेजबानी कर रहे हैं। इसमें 25 रीजन से करीब 216 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। इस इवेंट का उद्देश्य है कि हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी शानदार प्रदर्शन करें।

हम सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। शतरंज जैसे खेल से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय टीमों के आगमन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। 'दीपशिखा प्रज्वलन' और 'हरित स्वागत' के साथ वातावरण को संस्कारमय और पर्यावरण अनुकूल बनाया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। केवीएस अहमदाबाद की असिस्टेंट कमिश्नर मीना जोशी ने खेलों के जरिए अनुशासन, एकता और मानसिक विकास की जरूरत पर बल दिया।

## यूएई के खिलाड़ी ने रच दिया इतिहास, अंग्रेज बल्लेबाज को पीछे छोड़ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**




एशिया कप 2025 का सातवां मैच यूएई और ओमान के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस मैच में वसीम 69 रन बनाकर आउट हुए। एशिया कप 2025 का सातवां मैच यूएई और ओमान के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस मैच में वसीम 69 रन बनाकर आउट हुए।

**मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड** : टी-20 इंटरनेशनल में गेंदों के हिसाब से सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अब मुहम्मद वसीम का नाम है। उन्होंने 1947 गेंदों में 3000 रन पूरे किए। जोस बटलर ने 2068 गेंदों में 3000 रन पूरे किए थे। वह अब इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज आरोन फिंच का नाम है।

## सुनील गावस्कर ने हार के बाद पाकिस्तान के जमकर लिए मजे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एक बार फिर अपनी बादशाहत दिखाते हुए रविवार को एशिया कप-2025 के मैच में पाकिस्तान को हरा दिया।



टीम इंडिया की इस जीत पर जश्न जैसा माहौल है क्योंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ये दोनों टीमें पहली बार भिड़ रही थीं और यहां पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। भारत की जीत के बाद पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान के मजे ले लिए हैं। पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ही इस मैच में बुरी तरह से फेल रहे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 127 रन बनाए। भारत ने ये टारगेट 15.5 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## सौरव गांगुली फिर कैब के अध्यक्ष बन सकते हैं बड़े भाई की जगह लेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली एक फिर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने कैब के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उनके खिलाफ किसी और प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा है। ऐसे में उम्मीद है कि वह 22 सितंबर को होने वाले कैब चुनाव में वे अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे।

हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा- गांगुली गांगुली ने रविवार को एक बयान में कहा, मैं सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। कैब में कोई विपक्ष नहीं है। हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा है। हम सब मिलकर कैब और बंगाल क्रिकेट को आगे ले जाएंगे। आगे आने वाले सीजन में ईडन गार्डन्स को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, मेंस टी-20 वर्ल्ड कप और बंगाल प्रो टी-20 लीग की मेजबानी करनी है। मैं इसके सफल मेजबानी की पूरी कोशिश करूंगा।

2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# विकास का 'मॉडल शहर' बन रहा वाराणसी प्राचीन होने के साथ प्रगतिशील भी : हरदीप

**2014** से अब तक वाराणसी में 35,155 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि 2014 से अब तक वाराणसी में 35,155 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और इसके अलावा, 16,338 करोड़ की 125 अतिरिक्त परियोजनाओं पर काम चल रहा है। केंद्रीय मंत्री पुरी वाराणसी में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री पुरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए इस बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि दिशा कमेटी की यह मीटिंग काफी समय बाद हुई है। इस मीटिंग में एक उत्पादक चर्चा हुई। मीटिंग में सरकारी स्कीम्स का रिव्यू किया गया और इन योजनाओं को लागू करने को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा, "मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि इस मीटिंग मे सभी सहयोगियों, सांसद और राज्य सरकार के मंत्रियों की भागीदारी रही और सभी की ओर से बेहतरीन सुझाव दिए गए। अगली मीटिंग 3-4 महीनों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिशा प्लेटफॉर्म के माध्यम से हजारों वर्ष पुराने इतिहास वाले वाराणसी शहर को एक स्मार्ट सिटी में बदलने पर काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आशाओं, सपनों और संभावनाओं की इस धरा पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास, सांस्कृतिक विरासत आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 2200 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर नव्य-दिव्य काशी की भव्यता में एक और कड़ी जोड़ी। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि वाराणसी विकास का 'मॉडल शहर' बन रहा है। वाराणसी में विकास की धारा बह रही है। देश के प्रधानमंत्री और काशी के सांसद के मंत्र पर इस पौराणिक शहर को सजाने और संवारने का काम किया जा रहा है।

अब यह शहर प्राचीन भी है और प्रगतिशील भी। दिशा बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि दिशा की यह बैठक बेहद सार्थक रही। जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा और फैसले लिए गए। अब दिशा की अगली बैठक का उत्साहपूर्वक इंतजार रहेगा, ताकि बेहतर समन्वय से विकास की इस गति को और तेज किया जा सके।

## सेंसेक्स लाल निशान में बंद हुआ, मिडकैप और स्मॉलकैप में रही खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के सत्र में मिलाजुला कारोबार हुआ।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 118.96 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 और निफ्टी 44.80 अंक या 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,069.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 258.90 अंक या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,486.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 137.10 अंक या 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,127 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, कंजप्शन और सर्विसेज लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजारों की सपाट शुरुआत हुई थी, लेकिन अंतिम कारोबारी घंटों में बिकवाली का दबाव देखा गया।

## देश में 10,000 एफपीओ में बढ़ी किसानों की हिस्सेदारी, उत्पादन लागत कम करने में मिली मदद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) में किसानों की हिस्सेदारी बढ़ रही है और इससे किसानों को उत्पादन की लागत में कमी और अपनी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है। सरकार की ओर से फरवरी 2020 के बजट में देश में 10,000 एफपीओ बनाने का ऐलान किया गया था। इसके लिए 6,865 करोड़ रुपए का बजट अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश के 10,000 एफपीओ में करीब 5 मिलियन से अधिक किसान शेयरहोल्डर बन चुके हैं। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, एफपीओ के कुल शेयरहेल्डर्स में से तेलंगाना (0.67 मिलियन), उत्तर प्रदेश (0.59 मिलियन), आंध्र प्रदेश (0.57 मिलियन), मध्य प्रदेश (0.32 मिलियन) और महाराष्ट्र (0.3 मिलियन) का हिस्सा 50 प्रतिशत है। एफपीओ किसान उत्पादकों द्वारा बनाया गया एक सामूहिक संगठन है जो विभिन्न प्रकार से छोटे और सीमांत की मदद करता है। एफपीओ किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा, बेहतर सौदा करने की क्षमता और उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में 340 एफपीओ की बिक्री 10 करोड़ रुपए को पार कर गई है। वहीं, 1,100 से अधिक किसानों की बिक्री एक करोड़ रुपए से अधिक रही थी।

## आरबीआई 2025 की चौथी तिमाही में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कर सकता है कटौती : रिपोर्ट

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। निर्यात ऑर्डर में गिरावट और सरकारी खर्च में कमी के कारण विकास दर में गिरावट की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया जा सकता है। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अनाज का मजबूत उत्पादन, पर्याप्त भंडार, तेल की कम कीमतें और चीन से सस्ता निर्यात जैसे कारक मुद्रास्फीति को लंबे समय तक कम बनाए रख सकते हैं। ब्रोकिंग फर्म ने कहा कि चालू तिमाही के लिए औसत मुद्रास्फीति 1.8 प्रतिशत है।

## भारत की डिजिटल क्रांति ने हर भारतीय की जिंदगी को तेज, सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बना दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बीते एक दशक में भारत में हुई डिजिटल क्रांति के सफर के बारे में बताया, जिसमें जेएएम (जन धान-आधार-मोबाइल) ट्रिनिटी, यूपीआई, गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) और ई-एमएएम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) और अन्य के बारे में चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आर्टिकल शेयर करते हुए कहा, "डिजिटल इंडिया का दशक केवल टेक्नोलॉजी के बारे में नहीं, बल्कि बदलाव के बारे में भी है और यहां से कहानी की केवल शुरुआत हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो किसी असाधारण घटना से कम नहीं है। लक्षित तकनीकी हस्तक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई यह क्रांति अब एक व्यापक परिवर्तन में बदल गई है, जिसने भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वाणिज्य, और यहां तक कि देश के सुदूर कोनों में रहने वाले किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित किया है । केंद्रीय मंत्री ने आर्टिकल में लिखा, "यह यात्रा आकस्मिक नहीं रही है।

### यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट

## ग्राहकों को खरीदारी के लिए जीएसटी सुधार लागू होने का रहा इंतजार : सियाम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में विपरीत रुझान देखने को मिले हैं। ग्राहक 22 सितंबर से लागू होने वाले जीएसटी सुधार के लाभों का इंतजार कर रहे हैं, जिसके चलते यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। यात्री वाहनों की थोक बिक्री इस वर्ष अगस्त में सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 3,21,840 यूनिट रह गई, जबकि अगस्त 2024 में यह 3,52,921 यूनिट दर्ज की गई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और उसके बाद वाहनों की कीमतों में कमी की उम्मीद में ग्राहकों द्वारा खरीदारी को टाले जाने से बिक्री में गिरावट आई।